शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 169 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 15 जुलाई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# आपदा पीड़ितों के लिए संकट मोचक बने सीएम योगी आदित्यनाथ

## ग्राउंड जीरो पर खुद भी पहुंचे सीएम योगी, हवाई सर्वे के साथ ही नाव से बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का किया मुआयना

**लखनऊ**

**बाढ़** को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पहले से ही की गई तैयारियों ने जनता को बड़े नुकसान से बचा लिया हे। प्रदेश में मानसून से पहले अतिसंवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में की गई तैयारियां का नतीजा है कि हजारों लोगों की जान बचाने में सरकार को सफलता मिली है। पिछले दस दिनों में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में करीब 12 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता का ही असर रहा कि अफसर भी ग्राउंड जीरो पर दिखाई दिये, वहीं मुख्यमंत्री खुद बाढ़ प्रभावित इलाकों में जाकर वास्तुस्थिति से अवगत होते रहे। एक तरफ जहां उन्होंने हवाई सर्वे के माध्यम से बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का मुआयना किया तो वहीं नाव से भी प्रभावित इलाकों का स्थलीय निरीक्षण किया। सीएम ने बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत सामग्री किट वितरित की और आपदा पीड़ितों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना भी दी। आपदा के दौरान अपनों को खोने वालों के परिजनों को सीएम ने सहायता धनराशि का चेक प्रदान किया। श्रावस्ती के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में 11 लोगों का रेस्क्यू करने वाले 7 लोगों को सीएम ने प्रशस्ति पत्र सौंपा व एक लाख रुपए का नगद पुरस्कार देने की घोषणा की।





**जून में ही मुकम्मल हो गई थीं तैयारियां:** योगी सरकार ने प्रदेश में मानसून के दस्तक देने से पहले ही बाढ़ की तैयारियां शुरू कर दी थीं। सीएम योगी के निर्देश पर बाढ़ की दृष्टि से अतिसंवेदनशील 24 और संवेदनशील 16 जिलों में आपदा की स्थिति बनने से पहले ही सारी तैयारियां मुकम्मल कर ली गयीं थी। इसको लेकर सीएम योगी ने जून के दूसरे सप्ताह से ही अधिकारियों के साथ बैठकों का दौर शुरू कर दिया था। इस दौरान सीएम ने राहत कार्यों से जुड़े अधिकारियों को शासनस्तर से लेकर फील्ड में तैनात अधिकारियों को पूरी ताकत से काम करने के निर्देश दिये थे। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ मीटिंग कर राहत कार्यों की समीक्षा की। बैठक में सीएम ने राहत कार्यों के दौरान छोटी-छोटी कमियों को दूर करने के निर्देश दिये। इतना ही नहीं वह बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की लगातार मॉनीटरिंग करते रहे। इसी का नतीजा है कि प्रदेश में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थितियां सामान्य हैं और लोगों को हर संभव मदद पहुंचायी जा रही है।

**लगातार की जा रही निगरानी**

मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरुप अधिकारियों ने फील्ड में उतरकर राहत कार्यों को अंजाम दिया। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी की जा रही है। इसी के तहत श्रावस्ती में नेपाल में अचानक पानी छोड़े जाने से खेत में काम कर रहे 11 श्रमिकों को देरात रेस्क्यू ऑपरेशन चला करीब 8 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सभी को सुरक्षित बचाया गया।

इसी तरह पीलीभीत में टापू पर फंसे 7 लोगों को एयरफोर्स से समन्वय बनाकर एयरलिफ्ट कर सुरक्षित बचाया गया। इसके अलावा कुशीनगर में बाढ़ में फंसे 76 लोगों को रेस्क्यू कर बचाया गया।

"शरणालयों में रात्रि के लिए समुचित प्रकाश व्यवस्था भी की गई है"

## बाढ़ शरणालयों में पौष्टिक भोजन की पर्याप्त व्यवस्था की गई: सीएम योगी

**प्रदेश** के बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों के लिए 12 एनडीआरएफ, 9 एसडीआरएफ, 23 पीएसी और 1 एसएसबी को तैनात किया गया है। इसके साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आर्मी एयरफोर्स एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी से निरंतर समन्वय बना हुआ है। पीलीभीत में 7,433 व्यक्तियों को नाव द्वारा तथा 170 मवेशियों को रेस्क्यू किया गया। वहीं श्रावस्ती में 213 मवेशियों और 2280 व्यक्तियों का रेस्कयू किया गया। बाढ़ शरणालयों में रहने वाले प्रत्येक शरणार्थी के लिए पके हुये स्वच्छ और पौष्टिक भोजन की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। यहां स्वास्थ्य परीक्षण के लिए मेडिकल टीम गठित की गई है। साथ ही पेय जल, औषधियों और ओआरएस की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। शरणार्थियों के विश्राम के लिए बिस्तरों की भी



व्यवस्था की गई है। शरणालयों में रात्रि के लिए समुचित प्रकाश व्यवस्था भी की गई है। यहां आने वाले शिशुओं के लिए दूध व पुष्टाहार की भी व्यवस्था की गई है। वहीं महिलाओं के लिये स्वच्छता संबंधी डिग्निटी किट की व्यवस्था की गई है। उनकी प्राइवेसी को भी सुनिश्चित किया गया है। प्रत्येक शरणालय में शरणार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। वर्षा व बाढ़ के कारण विषैले जंतुओं की सक्रियता के दृष्टिगत ब्लॉक स्तर पर एंटीवेनम, औषधियों व इंजेक्शनों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

## डिफेंस कॉरिडोर में वर्ल्ड क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप कर रही योगी सरकार



**लखनऊ**

देश को रक्षा उत्पाद के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश में आकार ले रहे डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में योगी सरकार वर्ल्ड क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपर कर रही है। इसके लिए सरकार की ओर साढ़े 9 सौ करोड़ रुपए खर्च किये जा रहे हैं। इसके अंतर्गत डिफेंस कॉरिडोर में सड़क, बिजली, पानी, सीवर और सुरक्षा के उच्चकोटि के प्रबंध किये जा रहे हैं। प्रदेश में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के 6 नोड हैं, जिनमें से 5 नोड के लिए ये रकम तय की गई है। यूपीडा के अधिकारियों की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार अबतक करीब 187 करोड़ रुपए के कार्य पूरे हो गये हैं। वहीं 537 करोड़ रुपए से अधिक के कार्य निर्माणाधीन हैं।

**झांसी नोड में सर्वाधिक 517 करोड़ रुपए हो रहे खर्च**

यूपीडा की ओर से कराए जा रहे इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के कार्यों में अलीगढ़, कानपुर, झांसी, लखनऊ और चित्रकूट नोड में 941.19 करोड़ रुपए खर्च होने हैं। इसमें अलीगढ़ नोड के लिए 122 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किये जा रहे हैं। यहां 37 करोड़ से अधिक के कार्य पूरे हो चुके हैं, जबकि 61 करोड़ रुपए से अधिक के कार्य निमार्णाधीन हैं। वहीं 13 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों का टेंडर हो चुका है। इसके अलावा तकरीबन 10 करोड़ रुपए आगामी कार्यों के लिए रखा गया है। इसी प्रकार कानपुर नोड के लिए 62 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किये जाएंगे। यहां भी 32 करोड़ रुपए से अधिक के कार्य हो चुके हैं, 16 करोड़ रुपए से अधिक के कार्य निमार्णाधीन हैं, जबकि 13 करोड़ रुपए से अधिक के कार्य के टेंडर हो चुके हैं।

## शिकायतों का समाधान सरकार की प्राथमिकता: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह

**देहरादून**

**मुख्यमंत्री पुष्कर** सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की शिकायतों और समस्याओं को सुनते हुए त्वरित समाधान के लिये अधिकारियों को निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं का त्वरित समाधान करना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री धामी ने अधिकांश जन समस्याओं और शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। कुछ जन समस्याओं को



सबंधित विभागों को कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री के समक्ष विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों ने सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता और अपने क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं को रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी की समस्याओं का यथासंभव समाधान किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की ओर से अधिकांश सेवाएं ऑनलाइन माध्यम से दी जा रही हैं। विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को धनराशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही है। उन्होंने प्रदेश की जनता से अपील की है कि अपुणि सरकार पोर्टल के माध्यम से दी जा रही विभिन्न ई-सेवाओं का लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि सभी जिलाधिकारियों को तहसील दिवस और बीडीसी की नियमित बैठकें करने के निर्देश दिये गये हैं। इसका मुख्य उद्देश्य ब्लॉक, तहसील और जनपद स्तर पर ही जन समस्याओं का समाधान करवाना है।

## चार दशकों से अधिक समय के बाद खोला गया ओडिशा स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर का 'रत्न भंडार'

**नई दिल्ली**

ओडिशा स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर का 'रत्न भंडार' (खजाना भंडार) चार दशकों से अधिक समय के बाद रविवार को ऑडिट के लिए खोला गया। रविवार को दिन में 1:28 बजे मानक प्रक्रिया अपनाते हुए रत्न भंडार खोला गया है। पहले बाहरी भंडार को खोला गया और वहां मौजूद सामग्री को स्थानांतरित किया गया। इसके बाद भीतरी भंडार को खोलने के लिए तीन ताले तोड़े गए तथा स्थिति का जायजा लेने के बाद वापस नए सिरे से बंद कर दिया गया। पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ का मंदिर के नीचे एक तहखाना बनाया गया है। इसमें भगवान को अर्पित स्वर्ण, रत्न, आभूषण और अन्य कीमती सामग्री का भंडारण किया गया है। इसे 'रत्न भंडार' कहते हैं।

आज 1978 के बाद पहली बार इस 'रत्न भंडार' के द्वार खोले गए हैं। इसका मकसद अंदर मौजूद सामग्री और भंडार के ढांचे का ऑडिट करना है। बाहरी रत्न भंडार के सभी आभूषण, गहने और अन्य कीमती सामान आज अस्थायी स्ट्रॉन्ग रूम में स्थानांतरित कर दिए गए।

## प्रधानमंत्री के एक्स पर हुए 10 करोड़ फोलोअर्स

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री के तौर पर पदभार ग्रहण करने के बाद से ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोशल मीडिया अपनी सक्रीयता के लिए जाने जाते रहे हैं। उन्होंने सबसे पहले इस बात को पहचाना की सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से बेहतर ढंग से जुड़ा जा सकता है।

इसमें सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) की बड़ी भूमिका रही है। आज इसी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रधानमंत्री मोदी के 10 करोड़ (100 मिलियन) फोलोअर्स हो गए हैं। वे इस मंच पर दुनिया के सबसे ज्यादा फोलो किए जाने वाले रानजीतिक हस्ती हैं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 करोड़ का आंकड़ा छूने पर आज एक विशेष पोस्ट में कहा कि वे भविष्य में इस मंच के माध्यम से लोगों से जुड़े रहेंगे। उन्होंने कहा, ह्लएक्स पर सौ मिलियन। इस जीवंत माध्यम पर आकर और चर्चा, बहस, अंतर्दृष्टि, लोगों के आशीर्वाद, रचनात्मक आलोचना और बहुत कुछ को संजोकर खुश हूं। भविष्य में भी समान रूप से इसमें समय व्यतित करने की आशा है।

## शासन-प्रशासन की चुनौतियों का सामना करने के लिए युवा पेशेवरों का विजन जरूरी : मनोहर लाल

**चंडीगढ़**

केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्तमान समय में शासन-प्रशासन के सामने आ रही चुनौतियों का सामना करने के लिए नए युवा पेशेवरों का विजन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए युवा पेशेवरों के ज्ञान का उपयोग कर शासन को आधुनिक जरूरतों के अनुसार चलाया जाना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि साल



2035 तक देश में बिजली की वर्तमान मांग दोगुनी हो जाएगी और हाउसिंग में 130 करोड जनता को मकान उपलब्ध करवाने होंगे। इन बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए नए युवा पेशेवरों के विशेष सहयोग की आवश्यकता रहेगी ताकि हम देशभर में नए आयामों को छू सकें। मनोहर लाल नई दिल्ली स्थित सुषमा स्वराज भवन में हरियाणा में सुशासन सहयोगी कार्यक्रम (सीएमजीजीए) के 8 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

## केदारनाथ धाम में दूसरे दिन भी तीर्थ पुरोहित, साधु संत एवं व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

**रुद्रप्रयाग**

**दिल्ली में** केदारनाथ मंदिर की प्रतिकृति बनाए जाने के विरोध में केदारनाथ धाम में रविवार को तीर्थ पुरोहितों ने दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इस मामले में कोई कार्यवाही न होने पर तीर्थ पुरोहित समाज के साथ ही चारधाम महा पंचायत ने आंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी। मंदिर परिसर में तीर्थ पुरोहित, साधु संत, व्यापारी एवं तीर्थयात्री एकत्रित हुए और दिल्ली में बन रहे केदारनाथ धाम के प्रतीकात्मक



मंदिर निर्माण के शिलान्यास को लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। वहीं दूसरी ओर तिलवाड़ा में व्यापारियों ने रैली निकालकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मुख्य पुजारी शिव शंकर लिंग ने कहा कि यह नर-नारायण की तपोभूमि है। पांडवों व भगवान श्रीकृष्ण की तपभूमि है। इसके नाम को खराब न करें। तीर्थ पुराहितों ने कहा कि दिल्ली में केदारनाथ मंदिर का निर्माण धार्मिक परम्परा के विपरीत है। सनातन परंपराओं के खिलाफ इसका निर्माण किया जा रहा है।

बाबा का वास हिमालय में है और आप उस नाम का दुरुपयोग न करें। इस प्रकार के कार्य को शीघ्र बंद किया जाए।

## बीएसएफ ने घुसपैठ करते तीन बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा

**उत्तर दिनाजपुर:** भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात उत्तर बंगाल फ्रंटियर के किशनगंज सेक्टर के तहत 72 वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) बोर्रा के सीमा प्रहरियों ने तीन बांग्लादेशी नागरिकों को घुसपैठ करते पकड़ा है। बीएसएफ के अनुसार पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिकों के नाम रोबीउल (31), मोहम्मद फरीद (25) और मोहम्मद सैमुल (18) है।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर: स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ाएगी योगी सरकार




**लखनऊ**

**योगी** सरकार आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) प्रमाण पत्र के लिए वर्चुअल माध्यम से मूल्यांकन कराने जा रही है। अभी तक एनक्वास की टीम स्वयं जाकर इन स्वास्थ्य इकाइयों का भौतिक सत्यापन करती थीं। इस प्रक्रिया में काफी वक्त लगता था। योगी सरकार के इस फैसले से एनक्वास प्रमाणित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की संख्या तेजी से बढ़ेगी। इससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर करने में मदद मिलेगी।

**प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों, अपर निदेशक और सीएमओ को जारी किया गया पत्र**

देश में अभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की संख्या 1.70 लाख से अधिक है। वहीं उत्तर प्रदेश में 17 हजार से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर क्रियाशील हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल ही में ह्यआयुष्मान भारत, गुणवत्ता स्वास्थ्यह्व लांच किया है, उसमें एक बड़ा बदलाव यह भी है। दो अन्य पहल भी की गई हैं, जिनमें इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड (आईपीएचएस) के लिए डैशबोर्ड और फूड वेंडर्स के लिए स्माट फूड लाइसेंस देना शामिल है। इसके अलावा एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं के लिए एनक्वास व कायाकल्प सर्टिफिकेट के लिए संशोधित दिशा निर्देश जारी हुए हैं। एनक्वास सर्टिफिकेशन के लिए वर्चुअल मूल्यांकन और डैशबोर्ड की शुरूआत करने का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा तक आम लोगों की पहुंच को बढ़ाना तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है। वर्चुअल विजिट में रोगियों, कर्मचारियों और समुदाय के लोगों के साथ बातचीत भी की जा सकेगी।

## 10 वर्षों से केंद्र व राज्य की डबल इंजन की सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जन तक पहुंचाया: सीएम सैनी



**सोनीपत**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों केंद्र में राज्य सरकार की डबल इंजन की सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जन तक पहुंचाने की पहल की है, जिससे काफी हद तक समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। इन योजनाओं का ही असर है कि आज गरीब से गरीब व्यक्ति के चेहर पर मुस्कराहट देखने को मिल रही है। मुख्यमंत्री सोनीपत जिले के राई हलके के गांव भैरा बांकीपुर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण करने के पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 112 करोड़ रुपये की 14 विकास परियोजना का उद्घाटन व शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले सरकारें सिर्फ घोषणाएं करती थी, लेकिन उन पर अमल नहीं होता था। सरकार लोगों को केवल सब्जबाग दिखाती थी, हकीकत घोषणाएं धरातल पर नहीं उतर पाती थी। पहले प्रदेश में बिजली के लिए हाहाकार था और आम लोग बिजली की मांग को लेकर रैली निकालते थे। उन्होंने कहा कि आज हमारी सरकार ने व्यवस्था को सुधार कर लोगों को 24 घंटे बिजली देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने डेढ़ लाख लोगों को बिना पर्ची व खर्ची के सरकारी नौकरी दी है। 2014 से पहले बुजुर्गों को मात्र 500 रुपये पेंशन मिलती थी और हमने सत्ता में आने के बाद 1000 रुपये पेंशन को लागू किया। आज हम प्रदेश के 20 लाख लोगों को 3000 रुपये वृद्धावस्था सम्मान भत्ता दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश संविधान के अनुसार कार्य कर रहा है। देश व प्रदेश उन्नति के पथ पर अग्रसर है। हर जरूरमंद व्यक्ति को सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। ये बातें विपक्ष को हजम नहीं हो रही है और आए दिन लोगों को झूठ बोल कर गुमराह करने का काम कर रहे हैं, परतुं विपक्ष को सोचना चाहिए कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती।

### पारंपरिक मार्गों से जुलूस सरकार ने 8वीं मुहर्रम पर जुलूस निकालने की इजाजत देने का फैसला किया

## श्रीनगर प्रशासन ने गुरु बाजार से डलगेट तक 8वें मुहर्रम जुलूस की अनुमति दी

**जम्मू**

**जिला प्रशासन** श्रीनगर ने गुरु बाजार से बडशाह कदल और एम.ए रोड के माध्यम से डलगेट तक पारंपरिक मार्ग से 8वें मुहर्रम जुलूस की अनुमति दे दी। जिला मजिस्ट्रेट श्रीनगर डॉ. बिलाल मोहि-उद-दीन भट्ट द्वारा दिनांक 14.07.2024 को जारी एक



आदेश संख्या डीएमएस/जेयूडी/मुहर्रम/2024/786-793 के अनुसार मुहर्रम की अनुमति देने के बारे में शिया नेताओं के आवेदन पर विचार करने के बाद पारंपरिक मार्गों से जुलूस सरकार ने 8वीं मुहर्रम पर जुलूस निकालने की इजाजत देने का फैसला किया है। आदेश में लिखा है कि जबकि, यादगार-ए-हुसैनी कमेटी से एक आवेदन प्राप्त हुआ था जिसमें 8वीं मुहर्रम-1446 को गुरु बाजार से बडशाह कदल और एम.ए. रोड, श्रीनगर के माध्यम से डलगेट तक मुहर्रम जुलूस निकालने की अनुमति मांगी गई थी। इस कार्यालय संख्या : 05-7-2024 के माध्यम से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, श्रीनगर के समक्ष उठाया गया था।

# पति-पत्नी ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर दी जान इलाके में मची सनसनी

**उरुवा चौराहे पर किराए के कमरे में रह रहे थे दोनो**

**मेजा पुलिस और फेरेंसिक टीम पुलिस के अनुसार पारिवारिक कलह से तंग आए दीक्षा और अरविंद ने फांसी लगाकर दिया जान**





**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** उरुवा में किराए के कमरे में रह रहे पति-पत्नी की शनिवार की रात में संदिग्ध दशा में फांसी के फंदे से झूल कर जान दे दी। दोनों का शव अलग-अलग कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। सुबह घटना की जानकारी होने पर लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलने पर सहायक पुलिस आयुक्त मेजा रवि कुमार

गुप्ता और थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय मय पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गए और दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वारदात में फॉरेंसिक टीम भी बुलाई गई जो जांच पड़ताल कार्यवाही में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के मनु का पूरा गांव के अरविंद शर्मा (30) पिकअप वाहन का चालक था। उसकी शादी अभी साल भर पहले दीक्षा (26) पुत्री अमरजीत निवासी उतरांव के साथ हुई थी।

परिजनों के मुताबिक सप्ताह भर पहले दीक्षा अपने मायके गई हुई थी। बृहस्पतिवार को अरविंद शर्मा पत्नी दीक्षा को लेकर अपने घर न आकर उरुवा चौराहे के समीप किराए का कमरा लेकर रहने लगा।बताया जाता है कि शनिवार रात में पति-पत्नी दोनों फांसी लगाकर जान दे दिया। रविवार सुबह घटना की जानकारी लोगों को किसी तरह हुई तो हड़कंप मच गया। और मेजा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर मौके वारदात पर पहुंची मेजा पुलिस दोनों शव को कमरे से बाहर निकाला। दीक्षा और अरविंद का शव अलग-अलग कमरे में फांसी के फंदे से झूलता हुआ पाया गया है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हर एंगिल से मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। पुलिस के मुताबिक पारिवारिक कलह से तंग होकर दंपति ने उरुवा में किराए के मकान में रहने का फैसला लिया था जहा उबकर दोनों ने फांसी लगाकर जान दिया है। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुटी हुई है। फिलहाल इस हृदय विदारक घटना से परिजनों में जहां कोहराम मचा हुआ है वहीं पूरे इलाके में सनसनी फैली हुई है।

## बाइक डिवाइडर से टकराई दम्पत्ति घायल उपचार के बाद गए घर

**मऊआइमा।** बाइक से प्रयागराज जा रहे दम्पत्ति की बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिसपर बैठे दम्पत्ति जख्मी हो गए। उपचार के बाद अपने गन्तव्य को चले गए। मऊआइमा थाना क्षेत्र के फोरलेन हाईवे पर बाइक सवार दम्पत्ति जोगापुर डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें राम कैलाश और उसकी पत्नी राजकुमारी कोतवाली प्रतापगढ़ जख्मी हो गए। मामूली उपचार के बाद अपने गन्तव्य को चले गए।

## एक महीने तक विधुत आपूर्ति बाधित

**प्रयागराज/ घूरपुर।** भीटा पावर हाउस से संचालित होने वाले समस्त फीडरो की लाइट दिनांक 13/07/2024 से लगभग 13/08/2024 तक समय सुबह सात बजे से 12 बजे तक बाधित रहेगी जे ई अभय पाठक ने बताया भारत सरकार की योजना आरडीएसएस योजना के अंतर्गत रिवैंप डिस्ट्रीब्यूशन के अंतर्गत 33 kb का मेंटेनेंस का कार्य चलेगा।

# संदिग्ध दशा में हुई विवाहिता की मौत से परिजनों में मचा कोहराम

**पुलिस को दी गई तहरीर में मृतका नीतू बिंद के मायके वालों ने ससुरालियों पर जहर देकर हत्या करने का लगाया आरोप**

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहित महिला की मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। महिला के मायके वालों ने ससुरालियों पर जहर खिलाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मेजा पुलिस को तहरीर दिया है। मायके वालों की तहरीर पर आनन फानन में मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा दिया और जांच पड़ताल की कार्यवाही में में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के नेवढ़िया सजैला गांव निवासी संजय बिंद की पत्नी नीतू बिंद (23) की शनिवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

रविवार सुबह जानकारी पर महिला के मायके वाले पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। मायके वालों की सूचना पर मौके पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर मृतका नीतू बिंद के मायके वालों ने ससुरालियों पर जहर खिलाने का आरोप लगाया है और पुलिस को तहरीर दी है। मायके वालों की तहरीर पर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। बताया जाता है कि तीन वर्ष पूर्व नीतू की शादी हुई थी। महिला का मायका मिजार्पुर जनपद के जिगना है। मृतका को एक दस माह की बेटी है। उसकी मौत से मायके वालों में कोहराम मचा हुआ है। इस संबंध में थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय ने बताया कि महिला की मौत पर उसके मायके वालों ने ससुरालियों पर जहर खिलाने का आरोप लगाया है। जिसकी छानबीन की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# सपा कार्यकताओं ने नव निर्वाचित सांसद का किया, गर्म जोशी के साथ प्रथम आगमन पर स्वागत

**अखण्ड भारत संदेश।**

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा अन्तर्गत इण्डिया गठबंधन कांग्रेस से नवनिर्वाचित सांसद के मांडा क्षेत्र में प्रथम आगमन पर कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। भाजपा शासनकाल में किसान, मजदूर, छात्र, व्यापारी हर वर्ग परेशान है। भाजपा केवल झूठ के सहारे सत्ता में बनी हुई है, लेकिन अब यह झूठ आम जनता समझने लगी है। उक्त विचार सुरवादलापुर , काली मां चौराहा,भारतगंज कस्बे के वार्ड सात में बुधवार रात आयोजित सांसद अभिनंदन समारोह में नव निर्वाचित सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने व्यक्त किया। समारोह में सपाइयों में भारी उत्साह का माहौल रहा। सांसद ने कहा कि वे हमेशा लोगों के सुख दुःख में मौजूद रहेंगे और किसी भी पीड़ित के लिए हमेशा उनका दरवाजा खुला रहेगा। कस्बे व क्षेत्र के सपा कार्यकर्ता सभासद अंसार अहमद, रियासत अली, पूर्व सभासद सिराजुद्दीन अंसारी, चांद मोहम्मद उर्फ चंदू, अफरोज अहमद, मोहम्मद सैफी व ग्राम प्रधान नहवाई मंजूर अली,कमलेश विश्वकर्मा , गीता गुप्ता,अरविन्द सोनकर,विष्णु कांत, विपिन, ओम प्रकाश, साजन अवधेश सोनकर,सत्यम यादव, शैलेन्द्र , सुभाष आदि तमाम लोगों ने माल्यार्पण कर सांसद का अभिनंदन किया। सपा वरिष्ठ नेता लल्लन सिंह, अनिल




पांडेय पूर्व प्रधान हंडिया , बबई मिस्आत्री दि लोग अपनी विचार व्यक्त किए। कस्बे के अरविंद सर्राफ ने अघोषित बिजली कटौती पर सांसद को ज्ञापन सौंपा।



# कसेरूआ कला में सपा प्रदेश अध्यक्ष का गदा भेंटकर किया गया स्वागत व सम्मान

**सहसों।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का सहसों में आयोजित एक कार्यक्रम के उपरांत प्रयागराज जाते समय कसेरूआ कला स्थित समाजसेवी एवं पूर्व प्रधान राहुल केसरवानी के नेतृत्व में उनके आवास पर पार्टी कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान राहुल केसरवानी ने सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का जोरदार स्वागत व गदा भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर उपस्थित कार्यकताओं ने प्रदेश में हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी को बड़ी सफलता हासिल होने पर प्रदेश अध्यक्ष का बखान एवं बधाई देते हुए शीर्ष नेतृत्व एवं प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में जिंदाबाद के नारे लगाए। प्रमुख रूप से श्याम यादव, सुरेश नेता, आशीष बिंद, सोहनलाल केसरवानी, कल्लू जायसवाल, महेंद्र पटेल, शिवा गुप्ता सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राज्यों में हुए उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत पर कांग्रेस कार्यकताओं में खुशी

**करछना।** बरदहा चौराहे पर इंडिया गठबंधन के 7 राज्य में से 13 सीटों पर हुए उपचुनाव की जीत पर खुशी मनाते हुए कांग्रेसियों ने आपस में मुंह मीठा कराया।उपचुनाव के जीत की खुशी पर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला सचिव डॉ० शीतला प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि यह उपचुनाव जनता ने बता दिया है कि अगले विधानसभा के चुनावों में भाजपा को भारी बहुमत से हराकर 2027 में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी वहीं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य डॉ० दिनेश कुमार सोनी ने कहा कि भाजपा की सरकार को जनता ने पुरी तरह से नकार दिया है। इनकी सरकार लगातार जनता को झूठ बोलने के सिवा कुछ नहीं दिया भाजपा के नेताओं ने भगवान को भी राजनीति में समेट लिया और भगवान ने इनके अहंकार को चकनाचूर कर दिया है। अयोध्या में भारी सिकस्त तो दिया ही है वही बद्रीनाथ नाथ धाम में भी करारी हार का सिकस्त जनता




ने दे दिया है। सम्बोधन के दौरान जिला महासचिव नागेश पाण्डेय ने कहा कि भाजपा की सरकार के बिगड़ने का सबसे अच्छा दिन यही है जो 13 सीटों के उपचुनाव में भाजपा की एनडीए सरकार को भारी झटका दिया। जनता ने भाजपा के हुए दस साल के अन्याय काल का जवाब दे दिया है।असल में जनता बढती भीषण महंगाई, बेरोजगारी का एक तोहफा मौजूदा सरकार को दिया। अभी तो ये नमूना तोहफा है 2027 के चुनाव में भाजपा को बड़ी हार का तोहफा देने जा रही है। उपचुनाव के जीत की खुशी में डॉ० शीतला प्रसाद पाण्डेय, डॉ० दिनेश कुमार सोनी, नागेश पाण्डेय, आशीष कुमार मिश्र एडवोकेट, सत्यम पाण्डेय, राजकुमार पटेल दरोगा, नीरज मिश्रा,सत्येंद्र कुमार महेन्द्र कुमार पटेल, रामनिहोर हरिजन, गजेन्द्र पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

# कवि सम्मेलन में हास्य व्यंग कविता सुन श्रोताओं ने लगाए ठहाके

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** लाला की बाजार सहसों में आयोजित कवि सम्मेलन कार्यक्रम में मंच पर पहुंचे कवियों ने अपने गीत मुक्तक, छंद और चुटकुली रचनाओं से लोगों को जी भर गुदगुदाया। कवयित्री वंदना शुक्ला द्वारा प्रस्तुत मां वीणा पाणि की वंदना के उपरांत गीतकार जितेंद्र जलज ने -चंदन है पानी है और क्या,दुनिया कहानी है और क्या, जैसे गीत प्रस्तुत करते हुए खूब समां बांधी। इसके बाद हास्य कवि नजर इलाहाबादी ने अपनी रचना में-हम भी गए नहाने संगम क्या बतलाएं आपसे,पत्नी ने था ठेल दिया हम गए ना अपने आप से जैसी रचनाओं पर खूब तालियां बटोरी। शायर मखदूम फुलपूरी ने, करे जो भारत का अपमान, वो मेरा देश छोड़ दे जैसे कलाम पर राष्ट्र प्रेम और गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करते हुए खूब वाहवाही ही लूटी। तो वहीं कवि सम्मेलन के संयोजक कवि राधेश्याम भारती ने सामाजिक कुरीतियों और राजनीतिक विसंगतियों पर खूब जमकर कटाक्ष किया। हास्य कवि बिहारी लाल अंबर ने अपने मुक्तक और हास्य कविताओं से श्रोताओं को जी खूब ढहाके लगवाएं। कवि सम्मेलन का सफल संचालन कर रहे चर्चित हास्य व्यंग कवि अशोक बेशरम ने अपने ओजस्वी रचना में पढ़ा कि जिंदगी ही हमें जी रही है, हम कहां जिंदगी जी रहे हैं।। अवधी लोकभाषा में उनके द्वारा




प्रस्तुत कविताओं और मुक्तकों पर श्रोता देर शाम तक लोटपोट होते रहे। कवि सम्मेलन के विश्राम दौर पर आयोजक व्यापारी नेता अरविंद केसरवानी द्वारा सभी कवियों को माल्यार्पण एवं अंग वस्त्रम भेंट कर सम्मान किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के सम्भ्रांत व्यक्तियों एवं भारी संख्या में प्रेमी श्रोता सुंदर रचना सुनते उपस्थित रहे।

## 2 यूपी आर्टिलरी बैटरी एनसीसी, प्रयागराज में एडीएम निरीक्षण, ब्रिगेडियर कंडिल ने जांची व्यवस्था

**प्रयागराज।** तत्परता और दक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रयागराज ग्रुप एनसीसी के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर यू एस कंडिल ने 2 यूपी आर्टिलरी बैटरी एनसीसी में एडीएम निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कैडेटों की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित एनसीसी इकाई 2 यूपी आर्टिलरी बैटरी एनसीसी में व्यापक व्यवस्था की जांच की। इस मौके पर बुनियादी ढांचे और समग्र परिचालन तैयारियों सहित विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया।

इस मौके पर कमांडिंग अफसर कर्नल आर गोस्वामी और सूबेदार मेजर विवेक सिंह ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कैडेट्स ने स्वागत और सम्मान के तौर पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। ब्रिगेडियर यू एस कंडिल ने इकाई और सुविधाओं के निरीक्षण के दौरान एनसीसी कैडेट्स, सीटीओ डॉ. मधुसूदन और कर्मचारियों से बातचीत की। उन्होंने कैडेट्स को राष्ट्र निर्माण और समाज के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कर्मचारियों को इकाई द्वारा स्थापित मानकों और दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा।

# फरवरी माह से फरार चल रहा चोरी का मुलजिम

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** थाना कोरांव में दर्ज मुकद्दमा अपराध संख्या 46/2024 धारा ,379 आईपीसी के नामजद दो अभियुक्त में से एक मुलजिम की जमानत के बाद दूसरा मुलजिम अभी तक पुलिस के हांथ नहीं लग रहा। जो चर्चा का विषय है। जब कि वह सदैव पुलिस के सामने नजर भी आता रहता हैं।

बता दें कि ग्राम सभा अल्हवा थाना कोरांव में फरवरी महीने में अपर आयुक्त प्रशासन प्रयागराज मंडल के आदेश पर एसडीएम कोरांव ने चकमार्ग और ग्राम समाज की भूमि की पैमाईश सीमांकन तत्कालीन तहसीलदार अजय कुमार संतोषी के नेतृत्व में राजस्व पुलिस बल की टीम गठित कर कराई थी। जिसमे कोटेदार अल्हवा लाल बहादुर और पवन कुमार पाल के द्वारा चक मार्ग संख्या 1035 के आंशिक भाग पर अवैध कब्जा पाया गया था।साथ ही कोरांव थाने में क्राइम नंबर 25/2024 धारा 3/7 लोक संपत्ति निवारण अधिनियम के तहत मुकद्दमा भी दर्ज कराया गया था।और बोई जोती गई फसल को ग्राम प्रधान को सुपुर्दगी में दी दिया गया था। किंतु उक्त दोनों ने जबरज्जस्ती चोरी में उक्त प्लाट की फसल को काट कर गायब कर दिया था। जिसमें ग्राम प्रधान अल्हवा ने विवश हो कर थाना कोरांव में चोरी का मुकद्मा दर्ज करा दिया था। जिसमे पुलिस विवेचक ने फसल की बारामदगि कर एक अभियुक्त पवन कुमार को धारा 379,411,आईपीसी में निरुद्ध कर जेल भेज दिया था। किंतु एक अभियुक्त मुख्य अभी तक न तो पकड़ा गया न



High Court of Judicature at Allahabad

PENDING

Case Status - CRIMINAL MISC ANTICIPATORY BAIL APPLICATION U/S 438 Cr.P.C. ( ABAIL ) - [4481/2024]

Generated on : 13-07-2024 at 11:00:51 pm

| | | | |
|---|---|---|---|
| Filing No. | ABAIL/87527/2024 | Filing Date : 24-04-2024 | |
| CNR | UPHC052339382024 | Date of Registration : 30-04-2024 | |

Case Status

| | |
|---|---|
| First Hearing Date | 03rd May 2024 |
| Next Hearing Date | 15-07-2024 - Case is Listed in Court No-73 at Sr.No. 3001 ( Additional/Unlisted List ) |
| Bench Type | Single Bench |
| Causelist Type | Additional/Unlisted List |
| State | UTTARPRADESH |
| District | ALLAHABAD |

Petitioner/Respondent and their Advocate(s)

| Petitioner | Respondent |
|---|---|
| 1. LALBHADUR | 1. State of UP |
| Advocate - GYANEDRA PRATAP SINGH(A/G0205/2012 ) | Advocate - G.A.(GA/2012 ),MANOJ KUMAR TRIPATHI(A/M0345/2012 ) |

Acts

| Under Act(s) | Under Section(s) |
|---|---|
| I. P. C. 1860 | 379 |

Category Details

| | |
|---|---|
| Category | APPLICATION (401500) |
| Sub Category | ABAIL MINOR (401564) |

Crime Details

| | |
|---|---|
| District | : ALLAHABAD |
| Police Station | : KORAON |
| Crime No. | : 46 |
| Year | : 2024 |

Disclaimer: Status report is based on data available on CCMS servers.

ही हाजिर हुआ। जबकि उसे सेशन कोर्ट ने भी अग्रिम जमानत देने से इंकार कर दिया है। इस बाबत वादी मुकद्दमा का आरोप है कि अभियुक्त तभी हाजिर होगा जब तक उसे मुल्के अदम न भेज देंगें। शायद इसकी प्रतीक्षा की जा रही है। ग्राम प्रधान ने डीसीपी यमुनानगर, एसीपी मेजा को भी अवगत कराया है। और पुलिस को कार्यवाही हेतु उक्त अधिकारियों ने निर्देशित भी किया है। फिर भी अभियुक्त अपने घर और बाहर कृषि आदि का कार्य बेखौफ कर रहा है। फिलहाल 24 अप्रैल 2024 से हाइकोर्ट में दाखिल जमानत याचिका की अंतिम सुनवाई 13 जुलाई थी और अब ,,22 जुलाई तक डेट बढ़ी है।किंतु उसकी गिरफ्तारी न होना चर्चा का विषय तो है ही।

## ताजिए के जुलूस के विरोध में पसियापुर गांव में तनाव, पुलिस व प्रशासन ने कराया समझौता

**डीजीपी को पत्र लिखकर शांति व सौहार्द बिगड़ने की जताई आशंका**

**सोरांव।** सोरांव के पसियापुर गांव में मोहर्रम के जुलूस को लेकर तनाव व्याप्त है। हालांकि पुलिस व प्रशासन शनिवार को गांव पहुंचकर दोनो समुदायों से बातकर बीच का रास्ता निकालने का दावा कर रही है लेकिन गांव में फैल रहे आक्रोश को देखते हुए ग्रामीण ने डीजीपी को पत्र लिखकर जुलूस निकालने पर सौहार्द बिगड़ने की बात कही है। उक्त गांव निवासी एक युवक ने डीजीपी को पत्र लिखकर बताया कि गांव में पहले कभी मोहर्रम का जुलूस नही निकलता था। लेकिन इस बार दूसरे समुदाय के लोगों ने जबरन मोहर्रम का जुलूस निकालने की योजना बनाई है। उनकी इस योजना की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो उनमें आक्रोश फैल गया है। जुलूस हिन्दू बस्ती से होकर गुजरेगा जो चिंता का विषय है। कहा कि नए तरीके की शुरूआत नही हो जिससे गांव में शांति कायम रहे। उक्त युवक से यूनाइटेड भारत अखबार ने जब बात किया तो उसने बताया कि पिछले साल सावन के महीने में मोहर्रम का त्योहार पड़ा था जिसमे दूसरे समुदाय के कुछ लोग फूल आदि लेकर कर्बला तक गए थे, जबकि जुलूस नही निकला था। गांव के कुछ लोगों ने बताया कि मोहर्रम का त्यौहार छोटे स्तर पर पिछले चार पांच साल से मनाया जा रहा था। लेकिन इस बार की योजना बड़े स्तर पर मनाने की वजह से लोगों में आक्रोश है।

## भगवान जगन्नाथ जी को लगा 56 प्रकार के व्यंजनों का महाभोग

**पद्म श्रृंगार में भगवान जगन्नाथ जी ने दिया भक्तों को दर्शन**

**प्रयागराज।** श्री जगन्नाथ जी महोत्सव समिति ट्रस्ट के तत्वाधान में काशीराज नगर बलुआ घाट स्थित प्रयागेश्वर नाथ भगवान जगन्नाथ जी के धाम में ट्रस्ट के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता एवं मंत्री गगन दास गुप्ता ने भगवान जगन्नाथ जी का पूर्ण विधि विधान के अनुसार पूजन अर्चन करते हुए 56 प्रकार के व्यंजनों से महाप्रभु जी को महा भोग लगाया और महा आरती की गई तत्पश्चात निवर्तमान सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने भक्तों को महाप्रसाद का वितरण कर भगवान जगन्नाथ जी का विशाल महाप्रसाद भंडारे का शुभारंभ किया इस अवसर ने वर्तमान सांसद रीता बहुगुणा जोशी,विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, विजय वैश्य, अनिल केसरवानी अन्नू भैया, विजय सिंह, बसंत लाल आजाद, जयराम गुप्ता, दाऊ दयाल गुप्ता, राजेश केसरवानी,अमर रस्तोगी, रोहित वर्मा, उमेश चंद्र, शशिकांत त्रिलोकी केसरवानी, पूनम गुप्ता, प्रीति गुप्ता संजय गुप्ता, हैप्पी कसेरा ,पवन गुप्ता, श्रेष्ठ केसरवानी, अरुण साहू सुनील अरोड़ा विनोद श्रीवास्तव, ने महा आरती की रथ यात्रा सहसंयोजक राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर ट्रस्ट के द्वारा भगवान जगन्नाथ जी का भव्य पद्म श्रृंगार दर्शन का मनमोहक श्रृंगार किया गया और इस अवसर पर महाप्रभु जी को 56 प्रकार के व्यंजनों से महाभोग लगाया गया और जिसमें प्रमुख रूप से मक्खन ,मिश्री, रबड़ी, मलाई, छाछ, दही, मालपुआ, छेना, रसगुल्ला, गुलाब जामुन, मुरब्बा, जलेबी, इमरती, मूंग का हलुवा, ठोकवा, नानखटाई, खुरमा, घेवर, लड्डू, महाभोग, मोठ, पेठा, सूतफेनी, गुझिंया, कलाकंद की बर्फी, चंद्रकला,दमालू ,खस्ता, मठरी, रोटी ,भात , कढ़ी, पापड़, अचार, रायता, पका कटहल का कोवा ,पका बड़हर का कोवा, काजू ,बादाम ,किशमिश ,पिस्ता पंचामृत ,खीर, पकौड़ी, पान सुपारी, लस्सी, शरबत, पूरी, चटनी, (कटहल, कोहड़ा और बैगन की सब्जी), दलिया, आम, इमली, केला ,जामुन ,सेब, आदि व्यंजन रहे। इस अवसर पर अजय अग्रहरि, अभिलाष केसरवानी, शत्रुघ्न जायसवाल पार्षद नीरज गुप्ता पार्षद सतीश चंद्र केसरवानी, आदि हजारों भक्तजन उपस्थित रहे।

# जनता के भरोसे को कायम रखते हुए क्षेत्र का करूंगा विकास : उज्ज्वल

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** रविवार को मेजारोड बाजार के मोहन गार्डेन में आयोजित कुशवाहा मौर्य, शाक्य, सैनी महासभा सम्मेलन में नवनिर्वाचित सांसद प्रयागराज उज्जवल रमण सिंह का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। कुशवाहा मौर्य, शाक्य, सैनी महासभा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद उज्जवल रमण सिंह व विशिष्ट अतिथि के रुप में सांसद प्रत्याशी फूलपुर अमरनाथ मौर्य व विनय कुशवाहा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के प्रयागराज अध्यक्ष उदयराज कुशवाहा व संचालन जगमोहन कुशवाहा व ईंजी विकास मौर्य ने किया। इस दौरान अपने संबोधन में सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि भाजपा की

**मेजारोड के मोहन गार्डन में आयोजित कुशवाहा मौर्य, शाक्य, सैनी महासभा सम्मेलन में सांसद उज्जवल रमण सिंह का किया गया स्वागत अभिनंदन**




नाकामियों को देखते हुए जनता ने देशहित में फैसला लिया। जनता ने इंडिया गठबंधन पर भरोसा करते हुए भारी मजबूती दी है। इस भरोसे को कायम रखते हुए कार्य किया जाएगा। उन्होंने कुशवाहा मौर्य, शाक्य सैनी समाज के बारे में विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने आगे कहा कि उक्त समाज के लोगों ने इंडिया गठबंधन को जिताने में अहम भूमिका निभाई है। जनता के प्रेम और वोट की बदौलत ही आज प्रयागराज संसदीय क्षेत्र में मुझे सेवा करने का अवसर मिला है। उन्होंने आगे कहा कि संसदीय क्षेत्र में किसी को भी कोई समस्या होती है तो वह अवगत कराएं जिसका पूरा प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर वरिष्ठ नेता लल्लन सिंह, दिलावर सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सपा पप्पू यादव, जिपं सदस्य देशराज सिंह, जिपं सदस्य प्रमिल यादव, ईंजी विकास मौर्य, कमलेश कुशवाहा, विजय सिंह कुशवाहा, अवधेश कुशवाहा, संजय कुशवाहा, विमलेश कुशवाहा, रामसिंह कुशवाहा, भरत कुशवाहा, विवेकानंद कुशवाहा सहित कुशवाहा मौर्य, शाक्य, सैनी समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## महाकुंभ तक प्रयागराज में न रुकने वालीं सभी 26 ट्रेनों का हो जाएगा ठहराव, भेजा गया प्रस्ताव

**प्रयागराज।** यात्रियों के लिए राहतभरी खबर है। महाकुंभ मेले के पहले प्रयागराज जंक्शन पर न ठहरने वालीं 26 ट्रेनों का ठहराव शुरू हो जाएगा। इसमें भुवनेश्वर राजधानी, सियालदाह दुरंतो, अगरतला राजधानी एक्सप्रेस आदि ट्रेनें प्रमुख रूप से शामिल हैं। इनका ठहराव होने के बाद प्रयागराज देश के उन चुनिंदा स्टेशनों में शामिल हो जाएगा, जहां सभी यात्री ट्रेनों का ठहराव होता हैप्रयागराज जंक्शन से कुल 264 ट्रेनों की आवाजाही वर्तमान समय है। इसमें से 26 ट्रेनों का यहां ठहराव नहीं है। प्रदेश का महत्वपूर्ण शहर होने एवं महाकुंभ जैसे बड़े आयोजन होने के बावजूद यहां 26 ट्रेनों के ठहराव न होने का मुद्दा अमर उजाला ने उठाया था। इसके बाद पिछले वर्ष उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के अधीन आने वाले लोकसभा सदस्यों की महाप्रबंधक एनसीआर संग बैठक में यह मुद्दा पूर्व सांसद केशरी देवी ने उठाया था। डीआरएम प्रयागराज हिमांशु बडोनी ने बैठक में सवालों के जवाब में रेलवे की ओर से की गई कार्रवाई के बारे में उन्हें अवगत कराया है।केशरी देवी को इसी सप्ताह डीआरएम प्रयागराज को भेजे गए पत्र में बताया गया है कि प्रयागराज जंक्शन पर 12313/12314 सियालदाह राजधानी, 20501/20502 अगरतला राजधानी, 20839/20840 रांची राजधानी आदि ट्रेनों के ठहराव का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेज दिया गया है। महाकुंभ के दौरान प्रयागराज जंक्शन से गुजरने वालीं ट्रेनें जिनका ठहराव यहां नहीं है, उस पर विचार हो रहा है।इसके अलावा गोवा के वास्को-द-गामा से पटना के बीच चलने वाली वीकली ट्रेन के फेरे बढ़ाए जाने का पत्र दक्षिण पश्चिम रेलवे को भेजा गया है। पत्र मिलने के बाद केशरी देवी ने बताया कि उम्मीद है कि महाकुंभ तक यहां न रुकने वालीं सभी 26 ट्रेनों का ठहराव शुरू हो जाएगा।

# महिला की हत्या कर शव झूंसी कछार में लगाया गया ठिकाने

अखंड भारत संदेश



**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पूरे सूरदास कछार में पुलिया के नीचे अर्धनग्न अवस्था में एक अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने मौके पर जांच की जिसके बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया गया। ऐसा लगाया है कि महिला की हत्या कहीं और कर कछार में शव ठिकाने लगाया गया हो शव के पास से प्लास्टिक का बैग मिला है और महिला के शरीर पर जैसे तेजाब डाला गया हो ताकि पहचान न हो सके।

पूरे सूरदास कछार में ग्रामीणों ने रविवार की सुबह एक पुलिया के नीचे एक महिला का अर्धनग्न शव देखा। शव के पास कुत्ते टहल रहे थे। ग्रामीणों में मामले की सूचना पुलिस पर पहुची पुलिस ने महिला के शव की पहचान कराने की कोशिश की लेकिन कोई नही बात पाया। स्थानी लोगों की माने तो महिला का शव दो से तीन दिन पुराना लग रहा था और उसे प्लास्टिक के बोर में भरकर यहां ठिकाने लगाने के लिए फेंका गया हो। महिला का चेहरा और सीना झुलसा हुआ नजर आ रहा था जानवरों के भी नोचने के निशान थे। ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार की रात ही यह शव यहा फेका गया है क्योंकि शनिवार दिन भर घटना स्थल पर सड़क निर्माण में लगे मजदूरों ने काम किया था। तव पुलिया के नीचे शव नही था। थाना प्रभारी झूंसी उपेंद्र सिंह ने बताया कि महिला के शव की पहचान के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। रोड पर लगे सीसी टीवी भी खंगाले जा रहे है।

## सीवर ओवरफ्लो की शिकायत के बाद अधिकारी सुन नहीं रहे

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के विद्यार्थी नगर में एक पखवाड़े से सीवर ओवरफ्लो हो रहा है। मोहल्ले की गलियों में गंदा पानी फैल गया है। मोहल्ले में सीवर ओवरफ्लो की शिकायत महापौर उमेशचंद्र गणेश केसरवानी से की गई। इसके बावजूद सीवर की समस्या जस की तस है। भारतीय जनता पार्टी एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रांत सह संयोजक रजनीकांत ने बताया कि सीवर ओवरपलो होने की शिकायत महापौर से की गई। महापौर के निर्देश पर जलकल के महाप्रबंधक ने सीवर लाइन खुलवाने का आश्वासन भी दिया। फिर भी सीवर लाइन साफ नहीं की गई। इसी दौरान बारिश से गलियां लबालब हो गई। अब गंदे पानी से बदबू आ रही है। मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। रजनीकांत के मुताबिक, विद्यार्थीनगर की कालीबाड़ी श्याम नगर गली, नई मस्जिद रुद्र अपार्टमेंट के पास की गलियों को खोदकर छोड़ दिया गया है। परेशान लोग इसकी शिकायत कर रहे हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। सरकारी विभागों के लिए काम करने वाले ठेकेदार भी बेलगाम हो गए हैं। इन समस्याओं को लेकर प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के नगर विकास मंत्री से मिलेगा।

# तेजी से बढ़ रहा गंगा-यमुना का जलस्तर, सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने के लिए जाने लगे दुकानदार



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रदेश के कई हिस्सों में हो रही बारिश के अलावा कई पानी छोड़े जाने के चलते गंगा और यमुना के जलस्तर में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। हालांकि गंगा और यमुना का जलस्तर चेतावनी बिंदु के काफी नीचे है, लेकिन घाट के किनारे दुकान लगाकर रोजी रोटी कमाने वालों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। घाटिये भी अपने तंबू टेंट को सुरक्षित स्थानों पर ले जा रहे हैं। बीते कुछ दिनों से यमुना के जलस्तर में तेजी से बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। गंगा के जलस्तर में भी वृद्धि दर्ज की जा रही है। बीते कुछ दिनों से उत्तराखंड, पश्चिमी यूपी समेत तमाम इलाकों में बारिश हो रही है। इसका असर नदियों के जलस्तर में भी देखने को मिला है। हालांकि, प्रयागराज में गंगा और यमुना में जलस्तर बढ़ने की गति ज्यादा नहीं है। यहां चेतावनी बिंदु से दोनों ही नदियां काफी नीचे बह रही हैं।

# 400 करोड़ ठगी में गोरखपुर-बस्ती में पुलिस की रेड

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में 400 करोड़ की ठगी के मामले में एसओजी समेत पुलिस की तीन टीमें ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही हैं। फरार एमडी की पत्नी निहारिका की लोकेशन गोरखपुर बस्ती के बीच मिली है। पुलिस बस्ती में उसकी तलाश में जुटी है। साथ ही माना जा रहा है कि फरार एमडी अभिषेक नेपाल निकल भागा है। उसे लेकर भी पुलिस जुगत भिड़ा रही है।इस मामले में पुलिस ने निहारिका के ड्राइवर शैलेंद्र मिश्रा को पकड़ा तो कई तथ्य सामने आ गए। उसी के जरिये पुलिस को अभिषेक और निहारिका के नए मोबाइल नंबरों का पता चला है। सर्विलांस के जरिये पुलिस उन नंबरों को ट्रेस कर रही है कि यह लोग कहां कहां रहे। ड्राइवर शैलेन्द्र खम्हौरा पो केशवपुर थाना पुराकलन्दर अयोध्या का रहने वाला है। फरारी के बाद वह निहारिका के साथ कई दिनों तक रहा। उसे बस्ती साथ लेकर गया था। इस

**बस्ती में निहारिका ने कई दिन गुजारे, एमडी अभिषेक नेपाल भागा**

दौरान निहारिका और अभिषेक की मोबाइल पर बातचीत होती रही थी।

**अयोध्या और प्रयागराज में जमीन दिखाकर ठगा :** शिवकुटी थाना क्षेत्र के गोविंदपुर के रहने वाले अभिषेक द्विवेदी ने पत्नी निहारिका के नाम पर निहारिका वेंचर्स कंपनी खोली थी। सिविल लाइंस समेत कई शहरों में आफिस बनाया था। इसमें रियल स्टेट व शेयर बाजार में अच्छा लाभ का लालच देकर लोगों ठगा गया। रियल स्टेट में रुपये लगाने वालों से कहा गया था कि उन्हें अयोध्या के बक्शी रोड व प्रयागराज के रीवा रोड स्थित गौहनिया में जमीन दी जाएगी।छह जून को एमडी अभिषेक द्विवेदी को उसके पिता डा. ओम प्रकाश द्विवेदी द्वारा अपनी संपत्ति से बेदखल करने की बात लोगों को पता चली तो शिवकुटी थाने में धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया गया था। पुलिस ने डा. ओम प्रकाश द्विवेदी को सात जून को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि अभिषेक व निहारिका हाथ नहीं लगे थे। इधर करीब दो सप्ताह पहले निहारिका की मां को भी पकड़कर जेल भेजा गया था। शिवकुटी पुलिस व एसओजी लगातार दोनों की तलाश कर रही है।कंपनी के एमडी अभिषेक द्विवेदी और उसकी पत्नी निहारिका की तलाश में काफी दिनों से छापेमारी चल रही है। अभिषेक के एक करीबी से पूछताछ के बाद यह छापेमारी की जा रही है। एमडी अभिषेक और निहारिका की नामी-बेनामी संपत्ति की सूची तैयार कर अब उसे कुर्क करने की तैयारी तेज हो गई है। इस मामले में अब तक पुलिस अभिषेक द्विवेदी के पिता और उसकी सास को जेल भेज चुकी है। पति-पत्नी फरार हैं। उनके रिश्तेदारों से पूछताछ और लोकेशन के आधार पर इससे पहले प्रतापगढ़, बनारस, लखनऊ में छापेमारी हुई थी। अब लखनऊ और नोएडा में एक बार फिर छापेमारी हुई है।

## दिव्यांग शिविर का आयोजन आज

**मांडा।** विकास खण्ड मांडा मुख्यालय पर सोमवार को दिव्यांगजनों का शिविर आयोजित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में कृत्रिम अंग / सहायक उपकरण योजनान्तर्गत विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण एवं बनावटी हाथ-पैर/कैलीपर्स आदि से लाभान्वित किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी समाज कल्याण अधिकारी मांडा रवि प्रकाश यादव ने बताया कि ऐसे दिव्यांगजन जिन्हें 03 वर्ष पूर्व योजना का लाभ प्राप्त हुआ है उन्हें वर्तमान वर्ष में सहायक उपकरण ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन, ब्रेल किट, स्मार्ट केन, कैलीपर्स एवं बनावटी हाथ-पैर आदि सहायक उपकरण से लाभान्वित करने हेतु पात्र दिव्यांगजनों के चिन्होंकन के साथ ऐसे दिव्यांगजन जिनके दिव्यांगता प्रमाण पत्र अभी तक नहीं बने हुए हैं। उनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूनिक डिसएबिलिटी कार्ड (यूडीआईडी) बनाये जाने की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। वहीं समाज कल्याण अधिकारी मांडा ने पात्र दिव्यांग लाभार्थियो को दिव्यांग शिविर में पहुंचकर लाभ उठाने की अपील की है।

# न्यायमूर्ति शिवशंकर ने हिंदी अंग्रेजी और संस्कृत भाषाओं में दिया निर्णय, रचा इतिहास

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इतिहास रच दिया है। देश में पहली बार न्यायमूर्ति शिवशंकर प्रसाद ने कंचन रावत की याचिका खारिज करते हुए तीन भाषाओं हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत में आदेश लिखाया है। उन्होंने आदेश दिया है कि यदि परिवार न्यायालय ने सीआरपीसी की धारा 125 के तहत अंतरिम गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया है तो इस पर अमल कराने के लिए सीआरपीसी की धारा 482 की अर्जी पोषणीय नहीं है। आदेश का अनुपालन कराने के लिए याची को परिवार न्यायालय में अर्जी दाखिल करनी चाहिए।गाजीपुर निवासी याची कंचन रावत की शादी एक दिसंबर 2009 को बैजलाल रावत से हुई। विवाह के दौरान याची के परिवार ने लगभग आठ लाख रुपये खर्च किए। विवाह के बाद याची के परिजनों ने आरोप लगाया कि दहेज को लेकर ससुराल में याची को परेशान किया जा रहा है, इसलिए उसने घर छोड़ दिया और मायके आ गई। मायके में 26 नवंबर 2011 को पुत्र का जन्म हुआ। इसके बाद याची ने गुजारा भत्ता के लिए परिवार न्यायालय गाजीपुर में वाद दाखिल किया। न्यायालय ने सीआरपीसी की धारा 125 में अंतरिम गुजारा भत्ता चार हजार रुपये प्रतिमाह देने का आदेश दिया।याची के पति ने कुछ दिनों तक गुजारा भत्ता दिया। इसके बाद रोक दिया। इस दौरान 80 हजार रुपये भुगतान के लिए न्यायालय में आवेदन किया। कोर्ट ने 10 हजार रुपये प्रतिमाह बकाया जमा करने का आदेश दिया। पति ने परिवार न्यायालय के आदेश का अनुपालन नहीं किया। इस पर याची ने न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में सीआरपीसी की धारा 482 के तहत याचिका दाखिल की। वहीं, पति ने याचिका की पोषणीयता पर आपत्ति करते हुए विरोध किया। कहा कि याची को सीआरपीसी की धारा 128 में राहत पाने का अधिकार है। हाईकोर्ट ने दलीलों और तथ्यों का अवलोकन करने के बाद याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा की याची राहत के लिए परिवार न्यायालय जा सकती है ।



**हाईकोर्ट समाचार**

## हाईकोर्ट का फैसला : शिक्षामित्र को सहायक अध्यापक के रूप में नियुक्त नहीं किया जा सकता, याचिका खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शिक्षामित्र को सहायक अध्यापक के रूप में नियुक्त करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। कहा कि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षामित्रों को सहायक शिक्षक के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए अयोग्य ठहराया है। याची को डीएम के एक नोटिस में सहायक शिक्षक के रूप में वर्णित करने मात्र से वह उसके के लिए योग्य नहीं हो जाता है। न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की पीठ ने याचिका खारिज करी दी। मऊ निवासी दीप नारायण सिंह ने याचिका दायर कर शिक्षामित्र को सहायक अध्यापक के रूप नियुक्त कर वेतन आदि देने की मांग की थी। याची का कहना था कि जिला मजिस्ट्रेट/जिला चुनाव अधिकारी ने 20 अप्रैल 2024 को एक नोटिस जारी कर उसकी चुनाव में ड्यूटी लगाई थी। नोटिस में उसका विवरण सहायक अध्यापक, कंपोजिट विद्यालय, देवरिया के रूप में दिखाया गया था। उनका कहना है कि अगर सरकार उन्हें चुनाव में पीठासीन अधिकारी के रूप में काम करने के लिए उपयुक्त समझती है तो उन्हें सहायक अध्यापक के रूप में काम करने के लिए भी उपयुक्त माना जाना चाहिए। ऐसे में याची को सहायक शिक्षक के रूप में मानते हुए वर्ष 2015 से वेतन देने का निर्देश देने की हाईकोर्ट से गुहार लगाई थी। कोर्ट ने याचिका पूरी तरह से गलत कहकर खारिज कर दी।

# गश्त पर निकले सिपाही की सड़क हादसे में मौत, वाहन के धक्के से बाइक समेत चले गए गड्ढे में

**प्रयागराज।** फाफामऊ थाना क्षेत्र के मलाकहरहर में शनिवार देर-रात बाइक से गश्त कर रहे हेड कांस्टेबल वीरेंद्र कुमार यादव (45) को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि, वीरेंद्र रातभर सड़क किनारे एक गड्ढे में पड़े रहे। अगली सुबह जब ग्रामीणों की नजर उनपर पड़ी तो मामले की सूचना पुलिस को दी गई। वहीं, दूसरी तरफ एनएचएआई की भी लापरवाही सामने आ रही है। दरअसल, लखनऊ से फाफामऊ तक राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसमें मलाकहरहर में पुलिया का चौड़ीकरण भी शामिल है। लेकिन, वाहन चालकों को इससे बचाने के लिए कोई बैरिकेडिंग नहीं की गई है।मूलरूप से वाराणसी जनपद के थाना चौबेगंज ग्राम सोनाही भर्रा खुर्द के रहने वाले वीरेंद्र पुलिस लाइन में पत्नी व दो बेटे के साथ रहते थे। बड़ा बेटा स्नातक और छोटा बेटा बारहवीं की पढ़ाई कर रहा है। बीते 3 फरवरी को जीआरपी प्रयागराज से उनकी तैनाती फाफामऊ थाने में हुई थी। उनके पास उक्त थाना क्षेत्र का मलाकहरहर इलाका था। रोजाना की तरह वह शनिवार रात भी अपने इलाके में गश्त कर रहे थे। तभी अज्ञात वाहन उनको टक्कर मारकर फरार हो गया।

## स्कॉर्पियो की टक्कर से अधेड़ की मौत

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सरसों अंदावा मार्ग पर शनिवार की रात तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से एक अधेड़ की मौत हो गई। मृतक के बेटे की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। पटेल नगर निवासी अजय संकर 56 शनिवार की रात दावत से घर लौट रहे थे अंदावा सहसो मार्ग पार करते वक्त तेज रफ्तार स्कार्पियो ने अजय शंकर को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए उन्हें शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां रविवार को उसकी मौत हो गई।

# संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में हुए मुकाबले

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** केंद्रीय विद्यालय वायु सेना स्थल मनौरी प्रयागराज में तीन दिवसीय संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत दूसरे दिन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन अपने निर्धारित समयानुसार हुआ। विगत 13 जुलाई को मध्याह्न भोजनावकाश के पश्चात अंडर 17 में केंद्रीय विद्यालय मनौरी बनाम केंद्रीय विद्यालय बलिया के बीच मैच खेला गया जिसमें बलिया 42-14 के अंतर से विजयी हुआ। पहले सेमी फाइनल के लिए अंडर 14 वर्ग में केंद्रीय विद्यालय बीएचयू प्रथम पाली और केंद्रीय विद्यालय बीएचयू द्वितीय पाली के बीच मुकाबला हुआ जिसमें बीएचयू द्वितीय पाली 26-23 के अंतर से विजयी हुआ। दूसरे सेमी फाइनल का मुकाबला अंडर - 14 में केंद्रीय विद्यालय न्यू कैंट बनाम केंद्रीय विद्यालय मनौरी के बीच हुआ जिसमें मनौरी 43 15 के अंतर से विजयी रहा। दिन का आखिरी मुकाबला अंडर 17 में के वि सीआरपीएफ फाफामऊ और के वि बलिया के मध्य हुआ जिसमें के वि सीआरपीएफ 26 11 के अंतर से विजयी रहा। रविवार 14 जुलाई को होने वाले अंडर 17 बालिका वर्ग कबड्डी में तीसरे स्थान के लिए के वि बीएचयू द्वितीय पाली बनाम के वि बलिया के बीच मुकाबला हुआ जिसमे के वि बलिया ने के वि बीएचयू को 26-20 के अंतर से हराया। अंडर - 14 में तीसरे स्थान के लिए के वि न्यू कैंट प्रथम पाली और के वि बीएचयू प्रथम पाली का मुकाबला हुआ जिसमे के वि बीएचयू ने न्यू कैंट को 30-4 के अंतर से हराया।इसके पश्चात अंडर - 17 में सेमी फाइनल के दो मुकाबले हुए जिसमें के वि सीआरपीएफ फाफामऊ बनाम के वि बीएचयू द्वितीय पाली के बीच मुकाबला हुआ जिसमें के वि सीआरपीएफ ने के वि बीएचयू को 28-15 के अंतर से हराया। सेमी फाइनल का दूसरा मैच के वि बलिया बनाम के वि शक्तिनगर के बीच हुआ जिसमे के वि शक्तिनगर ने के वि बलिया को 23-15 के अंतर से हराया।मध्याह्न भोजनावकाश के पश्चात कबड्डी का फाइनल मुकाबला अंडर-17 में के वि शक्तिनगर बनाम के वि सीआरपीएफ के बीच और दूसरा मुकाबला के वि बीएचयू और के वि मनौरी के बीच खेला जाएगा। भोजनावकाश के पश्चात अंडर-17 में फाइनल मुकाबला के वि शक्तिनगर बनाम के वि सीआरपीएफ के बीच हुआ जिसमे के वि सीआरपीएफ ने 29-10 के अंतर से के वि शक्तिनगर को पराजित कर विजेता बना और के वि शक्तिनगर उप-विजेता रहा। तृतीय स्थान के लिए केंद्रीय विद्यालय बीएचयूद्वितीय पाली और केंद्रीय विद्यालय बलिया के बीच मुकाबला हुआ जिसमें केंद्रीय विद्यालय बलिया ने बीएचयू को 26-20 के अंतर से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके बाद अंडर 14 में फाइनल मुकाबला के वि बीएचयूद्वितीय पाली और के वि मनौरी के बीच हुआ जिसमें के वि मनौरी ने के वि बीएचयू को 30-28 के अंतर से हराकर विजेता बना तथा के वि बीएचयू द्वितीय पाली उपविजेता रहा। तृतीय स्थान के लिए बीएचयू प्रथम पाली और केंद्रीय विद्यालय न्यूकैंट प्रथम पाली में मुकाबला हुआ जिसमें बीएचयू प्रथम पाली ने न्यू कैंट प्रथम पाली को 30-4 से हराकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# अरैल में श्री बरम बाबा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया गया



**नैनी।** नैनी अरैल क्षेत्र में श्री बरम बाबा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में भव्य शोभा यात्रा निकाला गया अजय मिश्रा उर्फ पीलू मिश्रा के सानिध्य में नंदन तालाब बरम बाबा मंदिर से होते हुए रामनगर, कृष्णा नगर, शिवनगर, देवरख, सैनिक कालोनी, सोडियाभीट, सोमेश्वर नाथ मंदिर मार्ग से बरम बाबा मंदिर पर सम्पन्न हुआ। जिसमें आपको बताते चले कि सोमवार 15 जुलाई को बरम बाबा मंदिर पर भव्य बाबा शिव प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगा। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में अरैल पार्षद प्रदीप महरा शास्त्री, बृजेश मिश्रा, आशीष मिश्र, संतोष दीक्षित, प्रमोद दीक्षित तमाम प्रमुख समाजसेवी वह क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने की बैठक

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** शिक्षक/ शिक्षामित्र/ अनुदेशक/ कर्मचारी संयुक्त मोर्चा प्रयागराज के तत्वाधान में प्रदेश कार्यकारिणी के आदेशानुसार दिनांक 15 जुलाई 2024 को ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में आयोजित ज्ञापन/ धरना के संबंध में जनपद के संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्षों/ महामंत्रियों की बैठक आहुत की गई। जिसमें प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिए गए एजेंडे के अनुसार बिंदुवार चर्चा-परिचर्चा की गई। जिसमें यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिले के समस्त शिक्षक/ शिक्षामित्र/ अनुदेशक कर्मचारी जिला पंचायत भवन (पुलिस लाइन) प्रयागराज में समय 3:00 बजे पहुंच कर पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय समय 4:00 बजे पहुंच कर जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन सौंपेंगे।आज की इस महत्वपूर्ण बैठक में उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, सम्बद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ, अटेवा, शिक्षामित्र संघ, टीचर सेल्फ केयर टीम (ळरउळ), अनुदेशक संघ, , विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसो0, यूटा, शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन, मूल कल्याण समिति, अ0ज0 शि0व0, आदि दर्जनों संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में विनोद कुमार पांडेय, अखिलेश द्विवेदी, संगीता सिंह, राजेंद्र अनुरागी, प्रशांत ओझा, जितेंद्र कुमार, शशांक मिश्रा, अवनीश मिश्रा, श्री नारायण, वसीम अहमद अश्वनी त्रिपाठी बबीता वर्मा, संजीव रजक, उमेश शुक्ला, पुष्पराज सिंह, आलोक श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, देवव्रत, इंद्रेश तिवारी, तपन सिंह सत्य प्रकाश यादव, अंकिता शुक्ला, राजेश कुशवाहा जितेंद्र शर्मा, यशवंत चौधरी, ज्योति जायसवाल आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

## युवक की धार दार हथियार से हत्या

**करछना।** करछना थाना क्षेत्र कुलमई का एक युवक रविवार शाम को पास स्थित बाजार से घर के लिए सब्जी लेने गया था तथा बाजार से लौटते समय उसके घर के करीब दोसौमीटर की दूरी पर अज्ञात हमलावरों ने उसे घेर कर ताबड़तोड़ धारदार हथियार बल्लम बरझा कटवासे से वार कर हत्या कर दी , मृतक दीपक आदिवासी 24 वर्ष पुत्र राम अवतार निवासी कुलमई निषाद बस्ती थाना करछना का निवासी है, घर के पास हुई वारदात से जानकारी होने पर परिजन उसे गाड़ी में लाद कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना लें गये जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत्यु की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं सूचना पर पहुंची करछना पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, देर शाम खबर लिखे जाने तक पुलिस किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकी थी तथा पुलिस वारदात को लेकर कयी एंगल पर जानकारी जुटाने और हमलावरों को गिरफ्तार करने में जुटी हुई है।

# अप्पे चालक को युवकों ने घेर कर पीटा



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में रविवार को लेप्रोसी चौराहे के पास चार बाइक से पहुंचे आधा दर्जन युवकों ने अप्पे (ऑटो) चालक की जमकर पिटाई की। चौराहे पर मौजूद ट्रैफिक व पुलिस के जवान जब तक वहां पहुंचे हमलावर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। करछना के डीहा गांव में रहने वाला कमलेश कुमार ऑटो चलाता है। रविवार को वह पत्नी उर्मिला के साथ बेटी को ससुराल छोड़ने जसरा जा रहा था। लेप्रोसी चौराहे के पास कई बाइक से पहुंचे आधा दर्जन से अधिक लोगों ने ऑटो को घेर लिया। चालक पर हमला कर दिया। कमलेश की पिटाई के दौरान उसकी पत्नी और बेटी उसे बचाने के लिए लोगों से मदद मांगती रहीं, लेकिन कोई हिम्मत नहीं जुटा पाया। पीड़ित के मुताबिक उसकी कुछ लोगों से पुरानी रंजिश चल रही है।

## पुरानी रंजिश मार पीट चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुस कर दम्पत्ति को मारा पीटा गया पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा वीरभानपुर निवासी सुरेश कुमार पुत्र रामसजीवन का आरोप है कि उसके विपक्षी उसे और उसकी पत्नी ऊषा देवी को घर में घुस कर मारे पीटे जान से मारने की धमकी दिए। पुलिस ने वीरेंद्र कुमार, जीतेन्द्र कुमार, राजेन्द्र कुमार,जय प्रकाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी नंबर 311918179 में भूल वश मेरा नाम जसवंत सिंह अंकित हो गया है जो गलत है मेरा सही नाम शिव नायक सिंह यादव पुत्र जगतपाल सिंह निवासी थुलगुला दारानगर जनपद कौशाम्बी है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 118578 वादों का हुआ निस्तारण

## उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति ने जुदा हुए पति-पत्नी की कराई विदाई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत उदघाटन जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रशासनिक न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद माननीय नीरज तिवारी ने 25 वर्ष से अलग रह रहें पति पत्नी की एक साथ बिदायी करायी गई तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी।


राष्ट्रीय लोक अदालत में मौजूद प्रशासनिक न्यायमूर्ति व न्यायाधीशगण।

न्यायमूर्ति द्वारा सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अधिक से अधिक संख्या में आपसी सुलह समझौते से मुकदमों का निस्तारण लोक अदालत में करें, जिससे अधिक से अधिक वादकारियों को लाभ मिल सके। कार्यक्रम का संयोजन/संचालन अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पंवार ने किया। इस अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं अधिवक्ता संगठनों के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ अधिवक्तागण, मध्यस्थगण, पैनल अधिवक्तागण, लीगल एड डिफेन्स काउन्सेल एवं पी0एल0वी0गण उपस्थित रहे। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 118578 वादों का निस्तारण किया गया जिनमें 3637 फौजदारी वाद, 11 एन0आई0 एक्ट, 177 विद्युत वाद, 30 मोटर दुर्घटना वाद, 77 वैवाहिक वाद, 461 सिविल वाद, 968 बैंक ऋण, 11 बी0एस0एन0एल0 वाद, कलेक्ट्रेट प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा 111279 मामले, विद्युत विभाग द्वारा 1624 वाद एवं उपभोक्ता फोरम द्वारा 04 वादों का निस्तारण किया गया। उपरोक्त प्रकरणों के अन्तर्गत फौजदारी वादों में 1737862 रू0 का अर्थदण्ड वसूल किया गया, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति वादों में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी द्वारा कुल 30 मामलो में विपक्षी बीमा कम्पनियों से पीड़ित याचीगण को रू0 15827000 का प्रतिकर दिलाया गया, उत्तराधिकार वादों में 2193469 रू0 का उत्तराधिकार प्रमाणपत्र जारी किया गया। बैंको के बकाया ऋण के 1277 मामलों में बैंक एवं बकायेदारो के मध्य 120736127 रू0 एवं बी0एस0एन0एल0 वादों में कुल रूपया 28484 का समझौता हुआ। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश महोदय द्वारा 77 वैवाहिक मामलों में पति पत्नी के मध्य सौहार्दपूर्ण समझौता कराया गया। उभय पक्षों को जनपद न्यायालय के सभागार में माननीय न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद नीरज तिवारी, जनपद न्यायाधीश एवं परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश द्वारा मिठाई देकर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दी गयी। इस राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलतापूर्ण आयोजन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पराविधिक स्वयं सेवकों, पैनल अधिवक्तागण, मध्यस्थगण, परामर्शदाता कर्मचारीगण व बैंक अधिकारियों का सहयोग सराहनीय रहा।

# परिवार को बंधक बनाकर चोरों ने की लाखों की लूट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रानीगंज थाना क्षेत्र के खाखापुर गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने कुंवर बहादुर यादव के घर में घुसकर परिवार के सदस्यों को बंधक बना लिया और लाखों रुपये की कीमत के जेवरात एवं अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। सुबह होते ही पीड़ित परिवार ने तुरंत डायल 100 पर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास के लोगों से भी पूछताछ की और संभावित सुराग जुटाने की कोशिश की। इस घटना के बाद से खाखापुर गांव और आस-पास के इलाकों में भय और दहशत का माहौल है। लोग अपने घरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए स्थानीय प्रशासन से सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। पुलिस इस मामले की गहन जांच कर रही है और जल्द ही दोषियों को पकड़ने का आश्वासन दिया है। क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। बता दें कि घटना ने स्थानीय लोगों को सतर्क कर दिया है और सभी अपने-अपने घरों की सुरक्षा के प्रति अधिक सावधान हो गए हैं। पुलिस द्वारा जल्द ही इस मामले का खुलासा किए जाने की उम्मीद है, ताकि लोगों का विश्वास फिर से बहाल हो सके।

# खेत तालाब बनाने में डीएम का प्रयास सराहनीयः एलायंस क्लब

## 30 दिनों में 2017 खेत तालाब बनवाकर प्रशासन ने रचा है इतिहास

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल की बैठक क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिले में जिलाधिकारी द्वारा किए गए भगीरथ प्रयास से मात्र 30 दिनों में 2017 खेत तालाब बनवाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया है।

इस अभूतपूर्व कार्य के लिए क्लब की तरफ से जिलाधिकारी संजीव रंजन व सीडीओ नव नीत सेहरा और उनकी पूरी टीम को क्लब की बैठक में बधाई दी गई और यह निर्णय लिया गया कि भारत सरकार से मांग की जाएगी कि इस विश्व रिकार्ड बनाने में जिलाधिकारी को पदम् श्री पुरस्कार से नवाजा जाना चाहिए।



एलायंस क्लब की बैठक में बोलते डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य।

इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि जिलाधिकारी के अथक प्रयास से मात्र 30 दिन में ग्राम पंचायतो में 2017 खेत में तालाब बनवाकर विश्व रिकार्ड बनाने में सफलता मिली व ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई। इससे जिले का गौरव बढ़ा है। बधाई वालों में डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न, राजीव कुमार आर्य, अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा, संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, संजय खंडेलवाल, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, आदर्श कुमार, सूरज उमरवैश्य, विवेक कुमार, रेखा उमरवैश्य, पूनम गुप्ता, अर्चना खंडेलवाल, प्रेम कुमार त्रिपाठी, अनिल कुमार निलय आदि रहे।

## नदी में उतराता मिला युवक का शव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जेल चौकी के महुआर गांव की नदी में एक युवक का शव उतराता हुआ दिखाई दिया। आसपास के लोगों को जब इस बात की जानकारी हुई तो वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नदी से बाहर निकलवाया और शव की शिनाख्त की जा रही है।

## परियावां लवाना मार्ग की सड़क झाड़ियों मे तब्दील

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे से जुड़ा परियावा लवाना मार्ग मे राजा का पुरवा नहर पुलिया से लेकर लवाना बाजार तक सड़क किनारे बबूल की लगी झाड़ियों से आये दिन राहगीर चोटहिल हो रहे है अब तक दर्जनों बाइक सवार व सायकिल सवार लोग चोटहिल हो चुके है। इसी तरह लवाना रोड से मधवापुर कुसुवापुर जाने वाली सड़क की पटरी पर दोनो तरफ बड़े बड़े बबूल के पेड़ पुरी तरह सड़क को ऊपर से छाप लिए है जिसके चलते साईकिल सवार सुरक्षित सड़क से नही गुजर पा रहे है। इसी रोड से परियावां से प्रतापगढ़ को आने व वापस आने वाली प्राइवेट बस किसी भी वक्त बड़े हादसे का शिकार हो सकती है। सबसे ज्यादा खतरा दो पहिया के वाहन चालकों मे बना हुआ है अंजान वाहन चालक भी बबूल की झाड़ियों की चपेट में आकर चोटहिल हो रहे है। स्थानीय लोगो ने लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता का ध्यान

# तालाब में तब्दील हुआ प्राथमिक विद्यालय जरियारी

## नन्हे मुन्ने बच्चे नहीं जा पा रहे स्कूल, पठन-पाठन हो रहा प्रभावित

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बरसात होते ही विद्यालय तालाब में तब्दील हो गया है। यहां तक कि विद्यालय के कमरे में पानी भर गया है। जल भराव होने से शिक्षक शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं को विद्यालय में जाने के लिए गांठ भर पानी से होकर आना जाना पड़ रहा है। शिकायत के बावजूद जनप्रतिनिधियों शिक्षा विभाग के अधिकारियों ध्यान नहीं दे रहे शायद उनको बड़े हादसे का इंतजार है। इस समस्या से लोगों में भारी रोष व्याप्त है।

रानीगंज तहसील के विकास खंड शिवगढ़ के प्राथमिक विद्यालय जरियारी में इन दिनों बरसात होते ही विद्यालय परिसर तालाब में तब्दील हो गया है। विद्यालय के चारों तरफ लबालब पानी भरा हुआ है। यहां तक कि कमरे में पानी पहुंच गया है। जलभराव से जहरीले सांप भी विद्यालय के आसपास डेरा जमाना


बारिश के पानी से प्राथमिक विद्यालय जरियारी बना तालाब।

शुरू कर दिए हैं। गहरे पानी में डूबने से मासूम बच्चों को खतरा भी हो सकता है। विद्यालय में भारी जलजमाव होने से क्षेत्र के अभिभावक नन्हे मुन्ने बच्चों को विद्यालय नहीं भेज रहे हैं, जिससे उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है, लेकिन विभागीय जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे क्षेत्रीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। इस संबंध में प्रधानाध्यापिका नुसरार जहां और शिक्षक इमरान खान ने बताया कि विद्यालय परिसर में बरसात में वर्षो से जल जमाव हो रहा है जिससे बच्चों और शिक्षकों को भारी परेशानी का सामान करना पड़ रहा है। इस संबंध में संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी शिवगढ़ शुभम कुमार ने बताया कि सूचना मिली है। हम अवकाश पर हूं अभी कुछ कर नहीं सकता।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने आनलाइन हाजिरी का किया विरोध

## संघ का दावा-10 लाख शिक्षक इस मुहिम में शामिल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एक्स पर टिप्पणी कर परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों ने रविवार को आनलाइन हाजिरी का विरोध किया। यह अभियान जिले के सभी ब्लाकों में चलाया गया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल ने बताया कि जिले के सभी ब्लाकों के शिक्षकों ने रविवार को अभियान चलाकर एक्स पर टिप्पणी की।

उन्होंने दावा किया कि प्रदेश प्रदेश के 10 लाख से अधिक शिक्षकों ने एक्स पर टिप्पणी कर आनलाइन हाजिरी का विरोध किया है। उन्होंने बताया कि सोमवार 15 जुलाई को शाम चार बजे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को एक ज्ञापन देकर अवगत कराया जाएगा कि यदि शिक्षकों की मांगे 22 जुलाई तक नहीं मानी जाती


आनलाइन हाजिरी का एक्स पर विरोध जताते शिक्षकगण।

हैं तो 23 जुलाई को व्यापक धरना जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर किया जाएगा। जिला मंत्री विनय सिंह, मांडलिक मंत्री अनिल पांडेय, कोषाध्यक्ष राजेश चंद्र पांडे, सत्य प्रकाश पांडेय, निर्भय सिंह, राकेश सिंह, अरुण पति, मानवेंद्र द्विवेदी आदि के नेतृत्व में एक्स पर टिप्पणी की गई। लालगंज प्रतिनिधि के अनुसार रविवार को प्राथमिक शिक्षक संघ लालगंज ब्लाक के अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र के निर्देशन में शिक्षकों ने एक्स पर टिप्पणी की। कुछ ब्लाकों में सामूहिक रूप से तो कुछ में अपने घर पर रह कर शिक्षकों ने एक्स पर टिप्पणी कर अभियान में सहभागिता की।

# आम बेंचने प्रयागराज गया युवक लापता, परिजन हलाकात, मोबाइल बंद, पुलिस को दी गयी सूचना

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** घर आम बेचने प्रयागराज की मंडी गया युवक संदिग्ध परिस्थितिओं मे लापता हो गया, उसका मोबाइल बंद होने के कारण परिजन अनहोनी की आशंका से भयभीत हो गये है। युवक शुक्रवार को अपने बाग़ से आम लेकर मुंडेरा मंडी के लिए निकला था, अब युवक का मोबाइल भी बंद होने के चलते परिवार के लोग गमजदा हो उठे है।

नबाबगंज थाना क्षेत्र के करावडीह झोकवारा के मोती लाल पटेल का 26 वर्ष का लड़का जयसिंह पटेल उर्फ अभिनव अपने बाग़ से तोड़े गये आम को बेचने 9 जुलाई की रात कुछ लोगों के साथ प्रयागराज की मुंडेरा मंडी गया हुआ था। 10 जुलाई से उसका मोबाइल बंद हो गया और शाम तक जब वह अपने घर नही पहुंचा तो उसके परिजन परेशान हो उठे। जितना संभव था उन्होंने अपने लोगों और मंडी के आसपास उसकी तलाश करवाया लेकिन उसकी कोई खोज खबर नही लगी। परिजन अनहोनी की आशंका से भयभीत हो उठे है। डरे सहमे परिवार ने पुलिस से गुहार लगाई और स्थानीय विधायक बाबागंज विनोद सरोज को भी सूचना दिया। विधायक बाबागंज ने भी पुलिस से बात किया और गायब युवक को तलाश करने की बात कही और घटना वाले थाने के प्रभारी से युवक को तलाश करने की बात किया। फोन से भास्कर प्रतिनिधि ने युवक के घर वालों से बात किया तो उन्होंने बताया की 9 तारीख को रात मे युवक अपना आम लेकर मुंडेरा गया जहाँ 10 जुलाई को उसने अपने घर वालों को सूचना दिया की आम बिक गया है और वह पैसा लेने व्यापारी के घर जा रहा है। उसके आधे घंटे बाद उसका फोन बंद आने लगा। पहले तो परिजनों ने इस पर ध्यान नही दिया लेकिन जब काफी समय बीतने के बाद उसका फोन नही ऑन हुआ और वह घर भी वापस नही पहुंचा तो परिजन परेशान हो गये। पीड़ित परिवार ने इसकी लिखित सूचना नबाबगंज थाने मे दिया पुलिस ने उसके साथ गये लोगों को उठा कर पूछताछ करने मे जुट गयी और गायब युवक के मोबाइल का सीडीआर निकलवाने मे लग गयी और परिजनों को थाना प्रभारी नबाबगंज ने इसकी सूचना संबंधित थाने ओर देने को भी कहा क्योंकि घटना गैर जनपद की है और ये भी आश्वाशन दिया की स्थानीय थाना होने के नाते वो भी अपने स्तर से पुरी मदद करेंगे। परिजनों ने इसकी लिखित तहरीर प्रयागराज जनपद के धूमनगंज थाने मे दिया तो पुलिस ने मामले को दर्ज कर जांच प्रारम्भ कर दिया। गायब हुए युवक के घर मे भय और दुख का माहौल है अब देखने वाली बात ये होगी की पुलिस कब इस मामले का खुलाशा करके उक्त युवक के बारे मे जानकारी देती है। इस सम्बन्ध मे हमने धूमनगंज के थाना से बात किया तो उन्होंने बताया की मामला दर्ज करके जाँच की जा रही है जल्द ही मामले का खुलासा होने की उम्मीद है।

## एएनम के टीकाकरण के बाद मासूम की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र मे कंधेरुवा गांव मे रविवार को क्षेत्रीय एएनम ने परिजनों के मुताबिक केस लाल प्रजापति के 5-6 माह के बच्चे को पहला टीका करण की सुई लगाई थी। सुई के लगते ही अचानक बच्चे के मुह से झाक निकलने लगा और हालत बिगड़ने लगी। जब तक घर के परिजन कुछ समझ पाते, उसकी मौत हो गयी, जिससे परिजनों मे कोहराम मच गया। परिजनो ने बच्चे के शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। मामले की जानकारी होने पर नवाबगंज थानाध्यक्ष धीरेन्द्र ठाकुर अपने दल बल के साथ मौके पर पहुँचे और मामले के बारे लोगो से पूछताछ किया। पीड़ित परिजनों को काफी समझाने बुझाने के बाद बच्चे का अंतिम संस्कार करने को परिजन लोग राजी हुए। अंतिम संस्कार होने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली और मामले की जाँच पड़ताल मे जुटी हुई है।

# कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक, शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मोहर्रम, श्रावण मास कावड़ यात्रा त्योहारों को लेकर पुलिस-प्रशासन ने सक्रियता बढ़ा दी है।रविवार को पट्टी कोतवाली में नवागत एसपी डॉ अनिल कुमार के निर्देश पर पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। क्षेत्र के अलग अलग समुदाय के धर्म गुरुओं के साथ की गई। एडिशनल एसपी दुर्गेश कुमार सिंह ने की। इस दौरान एडिशनल एसपी ने शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। कानून का उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई। क्षेत्राधिकारी आनंद कुमार राय ने कहा कि त्योहार मिलजुल कर मनाने से आपसी प्रेम सौहार्द बढ़ता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कोतवाल आलोक कुमार ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में आप सभी पुलिस का सहयोग करें। पुलिस सदा आपके साथ है। अगर किसी को पुलिस का कोई काम गलत लगे तो सीधे अधिकारियों को सूचित कर सकते हैं। क्षेत्र में यदि कोई भी व्यक्ति अराजकता या शांति व्यवस्था भंग करता है तो उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान विद्युत विभाग के जेई व क्षेत्र के विभिन्न समुदाय के धर्मगुरु व अन्य लोग मौजूद रहे।

# उपचुनाव में इण्डिया गठबंधन की जीत पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न

## बद्रीनाथ में मिला भगवान विष्णु का आशीर्वादः डॉ. त्रिपाठी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत की खुशी में प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने इण्डिया गठबन्धन जिन्दाबाद, कांग्रेस पार्टी जिन्दाबाद के नारे लगाते हुए स्थानीय व्यापारी भाइयों, ई रिक्शा चालकों, जूता बनाने वाले साथियों, फल बेचने वाले भाइयों व आम जनमानस को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराकर


मुंह मीठा कराकर जीत का जश्न मनाते कांग्रेसी।

खुशी का इजहार किया।

इस दौरान जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि इण्डिया गठबंधन को श्री राम लला जी के अयोध्या के बाद, देवभूमि बद्रीनाथ में मिला भगवान विष्णु का आर्शीवाद, धर्म के नाम पर राजनीति करने वालों को उपचुनाव करारा जवाब है। नगर अध्यक्ष इरफान अली ने कहा कि इण्डिया गठबंधन को विधानसभा उपचुनाव में अपना मत, समर्थन व आशिर्वाद देने के लिए जनता जनार्दन के जनादेश का धन्यवाद व आभार व्यक्त करते हैं। जीत का खुशी का इजहार करने वालों में मुख्य रूप से कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव इम्तियाज अहमद, विजय शंकर तिवारी, ज्योति कुमार तिवारी उर्फ गल्ली तिवारी, सलीम उल्ला राइन, बृजेश विश्वकर्मा, संजय इश्तियाक, भवानी शंकर दूबे, राम रतन तिवारी, अभय किशोर तिवारी आदि मौजूद रहे।


पूजन अर्चन करते जैन धर्म के अनुयायी।

# धूमधाम से शुरू हुआ सिद्ध चक्र मण्डल विधान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जैन धर्म के अनुसार असाड़ महीने के अंतिम आठ दिन बड़े ही महत्वपूर्ण होते है जिसमें नंदिश्वर दीप की पूजा की जाती है। इस अवसर पर जैन समाज द्वारा सिद्ध चक्र मण्डल विधान का आयोजन किया गया जो कि पूरे आठ दिन चलती है जिसकी शुरुआत रविवार को बाबागंज स्थित जैन मंदिर मे बड़े धूमधाम से हुई। इस अवसर पर पूजन मे बैठने वाले रतन जैन व उनकी पत्नी को इंद्र इन्द्राणी, अरविन्द जैन व उनकी पत्नी को मुख्य पूजन कर्ता, राजकुमारियों के रूप मे बेबी जैन, नेहा जैन, पालक जैन, सोनम जैन, मंजू जैन, पूनम जैन, राजकुमारों के रूप मे दीपेश जैन, रवि जैन, अंकित जैन विजय जैन को बनाया गया। समाज के लोगों का मानना है कि इस पूजन से सारे कष्ट व रोग दूर हो जाते है व आने वाले कष्टों से भी बचा जा सकता है। इस दौरान नगीना जैन, सिताब देवी, राजेश्वरी जैन, आशा जैन, मीना जैन, प्रकाश जैन, आकर्ष जैन, गुड्डू जैन, विनोद जैन, आनंद जैन आदि लोग मौजूद रहे।

# गड़ासे से काटकर चाची की बेरहमी से हत्या

● आलाकत्ल के साथ हत्यारोपी पहुंचा थाने किया आत्म समर्पण

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के समसपुर गांव में रविवार को भतीजे ने अपनी चाची की गड़ासे से निर्ममतापूर्वक काटकर बड़ी बेरहमी से हत्या कर दी है दिनदहाड़े निर्मम हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी भतीजा आलाकत्ल के साथ थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया है दिनदहाड़े कत्ल की जानकारी मिलते ही पूरे गांव क्षेत्र में दहशत और भय का माहौल बन गया घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है भतीजे ने चाची का कत्ल क्यों किया इसका खुलासा खबर लिखे जाने तक नहीं हो सका है। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के समसपुर गांव में रविवार की शाम लगभग 5 बजे संगीता देवी उम्र 30 वर्ष पत्नी कृष्ण कुमार उर्फ मोनू रैदास घर के बाहर बैठी थी इसी बीच उसका भतीजा मनफूल गौतम पुत्र संतोष कुमार धारदार हथियार गड़ासा ले कर पहुँचा और अपने चाची को गाली गलौज करते हुए लालकारते हुए उस पर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया लगातार गड़ासे के प्रहार से चाची खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ी और घटना स्थल पर तड़प तड़प कर दम तोड़ दिया है चाची की चीख पुकार सुनकर घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई हत्या की घटना की जानकारी जंगल की आग की तरह पूरे गांव में फैल गई चाची की हत्या के बाद हत्यारा भतीजा आलाकत्ल लेकर थाने पहुंच गया और आला कत्ल के साथ पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया उससे पूछताछ कर रही है महिला की हत्या क्यों हुई है यह रहस्य बरकरार है।

### हत्या के बाद हत्या कांप रहे इलाके के लोग

**कौशाम्बी।** थानेदारों के लापरवाही चलते अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं घटनाओं के खुलासे नाम पर आंकड़े बाजी हो रही है जिससे अपराध तेजी से बढ़ रहे है रविवार को चरवा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थान पर दो लोगों की निर्भरता पूर्वक हत्या के बाद इलाके में भय और दहशत का माहौल दिखाई पड़ रहा है महिला की हत्या के बाद हत्या रोपी ने थाने में खुद आत्मसमर्पण कर दिया है लेकिन दूसरी हत्या की घटना में पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है।

# युवक की गला दबाकर व ईंट से कूच कर हत्या



संदीपन घाट थाना क्षेत्र में बारात गए युवक की चरवा थाना क्षेत्र में मिली रक्त रंजित लाश, घटनास्थल से कुछ दूरी पर दूसरे व्यक्ति की मिली मोटरसाइकिल बयां कर रही है बड़ी कहानी

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के पूरे अयोध्या व रैय्या देह माफी के बीच रेशम यादव के चरी के खेत में रविवार की सुबह एक युवक की रक्त रंजित डेड बॉडी पड़ी देख लोगों के होश उड़ गए। युवक की गला दबाकर व ईंट से कूच कर हत्या कर के लाश को फेंक कर हत्यारे फरार हो गए हैं। युवक के नाक से व मुंह से ब्लड भी निकला हुआ है ।युवक की उम्र लगभग 42 वर्ष आंकी जा रही है। युवक लाल रंग की टी शर्ट व नीले रंग की लोवर पहने हुए है। डेड बॉडी के कुछ दूरी पर पीले रंग का गमछा पड़ा हुआ है। मृतक के शव से कुछ दूरी पर मोटर साइकिल सीडी डांन जिसका नम्बर वढ 73इ 4159 को पूरे अयोध्या के बीरे यादव के पुराने खंडहर नुमा नलकूप पर फेंक दिया हैं। ग्रामीणों ने डायल 112 पुलिस को सूचना दिया। मौके पर डायल 112 पुलिस पहुंच कर स्थानीय थानाध्यक्ष चरवा को सूचित किया। मौके पर थानाध्यक्ष चरवा मयफोर्स के साथ पहुंच कर ग्रामीणों व राहगीरों के द्वारा डेड बॉडी की शिनाख्त करवाया। युवक की शिनाख्त कोखराज थाना क्षेत्र के रूप में हुई है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के मलखा महेवा निवासी सदल उम्र 42 वर्ष पुत्र मिश्रीलाल पासी भरवारी क्षेत्र से गयी बारात में पैगंबरपुर महगाव थाना संदीपन घाट गए थे लेकिन बारात से उन्हें कुछ लोग उठा ले गए हैं और चरवा थाना क्षेत्र में उनकी हत्या कर शव को खेत में फेंक दिया है घटना स्थल से कुछ दूर पर एक मोटरसाइकिल पड़ी थी जो भरवारी के रोही गांव के एक व्यक्ति की बताई जाती है इससे आशंका जताई जाती है कि मोटरसाइकिल से मृतक को साथ में ले जाकर के हत्या की घटना को अंजाम दिया गया है हत्या की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए हैं मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बारात गए युवक की हत्या क्यों की गई है यह रहस्य बरकरार है।

# उल्टी दस्त से पीड़ित बालिका की मौत

## उल्टी दस्त से पीड़ित परिवार का स्वास्थ्य जांचने पहुंची डॉक्टर टीम

**अखंड भारत संदेश**



**अझुवा कौशांबी।** सिराथू तहसील के ग्राम सभा धुमाई में एक परिवार के सदस्य अचानक उल्टी दस्त से परेशान हो गए बीमारी की सूचना से कड़ा इस्माइल पुर स्वाथ्य अधीक्षक डा मोहम्मद सऊद के निर्देश पर डॉक्टरों की टीम ने गांव पहुंचकर जांच कर एहतियाती कदम उठाने की सलाह दी है। जानकारी के अनुसार राम करन रैदास का परिवार बीते कल उल्टी दस्त से पीड़ित हो गया जिसमे लकी 8 वर्ष,भीम 9 वर्ष,पिता शिवदानी को उल्टी और दस्त होने लगे पहले नजदीकी अस्पताल में उपचार कराया गंभीर स्थिति होने पर सिराथू सरकारी स्वास्थ्य केंद्रे में भर्ती कराया हालात नहीं सुधरने पर डॉक्टर ने तीनों मरीजों को जिला अस्पताल रिफर कर दिया जहां रामकरन अपने परिजनों का उपचार करवाने लगा वहीं बीती शाम को ही अर्पिता 14 वर्ष पुत्री रमकरन अचानक उल्टी दस्त करने लगी जिसे घर में मौजूद लोग उपचार के लिए अझूवा भागे किंतु किशोरी अर्पिता की रेलवे फाटक के पास मौत हो गई। जिला अस्पताल में पुत्रों और पिता का उपचार करा रहे राम करन को सूचना मिली तो बिलखते हुए घर आकर पुत्री का अंतिम संस्कार किया बीमारी से मोहल्ले और ग्राम वासी डर गए आज रविवार आशा बहु सुनीता देवी की सूचना पर कड़ा सीएच सी अधीक्षक डा मोहम्मद सऊद के निर्देश पर डा इरफान अहमद,कृष्ण कुमार फार्मासिस्ट,सीएचओ रोहित कुमार की टीम गांव पहुंचकर जांच की इस दौरान राम करन के भाई राजकरन जिसकी तीन पुत्रियां बीमार थीं उनका जांच कर ,उपचार करते हुए साफ सफाई बेहतर करने की नसीहत दी ।उन्होंने गंदगी से बचने की सलाह देते हुए तमाम लोगो को जागरूक किया है।

# घर के कमरे मे मिला विवाहिता का शव

पति 2 पत्नियों को तलाक देकर तीसरा निकाह कर 5 साल पहले लाया था घर

मृतक महिला के गले व चेहरे पर मारपीट के साफ दिखे जख्म, पुलिस ने पति को कस्टडी मे लिया

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** मंझनपुर थाना क्षेत्र के नारा गाव मे विवाहिता महिला की लाश उसके घर के कमरे मे मिली है। महिला के गले व चेहरे पर मारपीट के गहरे जख्म मिले है। माँ के पास रो रहे बच्चो को देकर पड़ोसियो को घटना की जानकारी हुई। थाना पुलिस ने मौके पर पहुचकर शव को कब्जे मे लिया। पुलिस ने संदेह के आधार पर मृतक के पति को हिरासत मे लेकर पूंछ-तांछ कर रही है।मृतक के दो बच्चे एक 4 साल की लड़की गुलयानी 1 साल का लड़का है जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के नारा गांव की महिला गुलनाज बानो उम्र 24 साल पत्नी वफा हुसैन उर्फ गुड्डू की लाश रविवार को घर के अंदर मिली है महिला का पति इसके पहले भी दो पत्नियों से विवाह करने तलाक दे चुका है मृतक महिला युवक की तीसरी पत्नी है और वह फतेहपुर जिले के गौती गांव की रहने वाली है मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे मे ले लिया है पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है महिला की मौत कैसे हुई रहस्य बरकरार है मृतक महिला के बच्चों से बयान दर्ज किया जाए तो महिला की मौत से पर्दा उठ सकता है।

## न्यूज झरोखा

### 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाने का फैसला



**कौशांबी।** जिला मुख्यालय मंझनपुर में सैनिक कल्याण पुनर्वास कार्यालय में पूर्व सैनिक कल्याण समिति ने मासिक बैठक का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दशरथ लाल करवरिया ने किया बैठक में सर्व प्रथम सभी को धन्यवाद देते हुए जिला अध्यक्ष दशरथ लाल करवरिया ने सभी को बताया कि गर्मी के कारण हमारी बैठक दो महीने से नहीं हो पाई जिससे हम सब लोग आपस में एक दूसरे से मुलाकात नहीं कर पाए अभी कुछ ही दिन में कारगिल विजय दिवस आ रहा है जिसको हम सभी लोग मिल कर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाते है जिसमे हम सभी फौजी के साथ कुछ सिविल से अधिकारियों को भी बुलाया जाता है विजय दिवस में कारगिल विजेता वीर नारी शहीद पैरेंट्स एवम सीनियर सिटीजन को सम्मानित किया जाता है जिसके बारे में आज हम सभी लोग मिल कर विचार विमर्श करेंगे बैठक में उपस्थित पदाधिकारी गण एवम सदस्यों की सहमति से 26 जुलाई को विजय दिवस मनाने का फैसला लिया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जिला अधिकारी वा पुलिस अधीक्षक विशिष्ठ अतिथि के रूप में एस डी एम मंझनपुर एवम सी ओ मंझनपुर को बुलाने का फैसला लिया गया समिति के संस्थापक शारदा प्रसाद वर्मा ने सैनिकों के वेलफेयर के लेटर भी पढ़ कर सुनाया और कहा आप लोग सोच समझ कर सिविलियन के साथ लेन देन का व्यवहार करें अन्त में जिला अध्यक्ष द्वारा सभी से पूछा गया कि अगर किसी फौजी की कोई समस्या है तो हम लोगो को अवगत कराए जिससे उसकी समस्या का समाधान कराया जा सके कुछ लोगों की जमीनी समस्या थी कुछ का पैसे का लेन देन की समस्या उसे हल करवाने का अश्वासन दिया गया इस दौरान जिला अध्यक्ष दशरथ लाल करवरिया शारदा प्रसाद वर्मा कृष्ण चंद्र गुप्ता राज मनपाल जय नारायण मिश्र राम चरण पाल अवधेश नारायण मिश्र अर्जुन प्रसाद त्रिपाठी श्री राम यादव एवम पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# सोता रहा परिवार, पीछे सेंध काट कर चोरों ने नकदी सहित लाखों का माल किया पार



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के वार्ड नंबर 7 मौलाना आजाद नगर में घर के पीछे सेंध काटकर चोरों ने नकदी सहित लाखों रुपए के जेवरात सहित राशन पार कर दिए हैं सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार रामआसरे निर्मल वार्ड नंबर 7 मौलाना आजाद नगर में रहते हैं इनके 8 पुत्र और 5 बहुएं, पत्नी के साथ रहते हैं इनके 4 पुत्र रोजी रोटी के सिलसिले में मुंबई शहर में रहते हैं राम आसरे के अनुसार बीती रात परिवार के साथ आगे वाले कमरे में सो रहा था सुबह जब नींद खुली तो देखा घर का सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा है,घर के पीछे तीन बक्से,2 ट्राली बैग ,सामान सहित बिखरा पड़ा हैं,घर के पीछे पीछे अज्ञात चोरों ने दीवाल में सेंध कर पत्नी बृजरानी के सोने के टप,गले का हार, छगल,पेटी अंगूठी,60 हजार रुपया,इसी तरह बहू सुषमा देवी,माया देवी,सोमवती, अनीता देवी के चढ़ाव में चढ़ाए गए हार,अंगूठी, छागल,पेटी ,बिछिया मुंदरी जेवर ,अरहर की दाल, मूंग की दाल सहित लाखों के जेवरात पार कर दिए हैं वहीं सूचना पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम के साथ मामले की छानबीन में जुट गई है।

### महिला के मकान पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं उसके भाई

**कौशाम्बी।** प्रयागराज जनपद के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मोहोद्दीनपुर भरेठा गांव निवासी सुनीता देवी का पति राहुल रैदास दुबई में रहकर मजदूरी करता है। महिला ने तहसील समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया कि वह लगभग बारह वर्षों से अपने मायका में जमीन लेकर घर बनाकर अपनी पुत्री के साथ रह रही है। उसका भाई आलोक और सुशील पुत्रगण राम आसरे दिनांक 10 जुलाई को कुंदन नाम के वकील को साथ में लेकर प्रार्थिनी का मकान कब्जा करने की नियत से घर में घुसकर प्रार्थिनी को गाली - गलौज करते हुए घर छोड़कर भाग जाने के लिए कहा जब प्रार्थिनी ने गाली - गलौज का विरोध किया तो उपरोक्त लोग महिला के साथ मारपीट करने लगे। महिला का आरोप है कि मारपीट के दौरान कुंदन नाम का वकील महिला के साथ अश्लील हरकत भी किया है। प्रार्थिनी के अनुसार उसके दोनों भाई मकान कब्जा करने की नियत से आए दिन गाली - गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हैं। प्रार्थिनी ने इस संबंध में कई दफा स्थानीय चौकी में शिकायती पत्र दिया लेकिन न्याय नहीं मिल सका है।

# उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की प्रचंड बहुमत से जीत की खुशी में कांग्रेस ने बांटे लड्डू

**अखंड भारत संदेश**



**कौशांबी।** कांग्रेस पार्टी एवं इंडिया गठबंधन की सात राज्यों के 13 विधानसभा में प्रचंड बहुमत जीत की खुशी में जिले के चरवा नगर पंचायत में कांग्रेस नेताओं ने लड्डू खिलाकर ग्राम वासियों व नगर वासियों के साथ मिलकर जश्न मनाया। जिला कांग्रेस कमेटी कौशांबी के जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि यह जो 7 राज्यों में इंडिया गठबंधन एवं कांग्रेस पार्टी की 13 विधानसभा में प्रचंड बहुमत से जीत हुई है यह जीत लोकतंत्र की जीत है यह जीत संविधान बचाने की जीत है यह जीत युवा, छात्र और महिलाओं की जीत है जिनके भविष्य के साथ भाजपा सरकार ने खिलवाड़ किया है मैं कौशांबी जिले के सभी देवतुल्य जनता को इस जीत की बहुत-बहुत बधाई देता हूं। इस मौके पर कांग्रेस की छात्र विंग एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष अमित द्विवेदी ₹आजाद₹ ने कहां की इस जीत की बधाई मैं अपने जननायक नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को देना चाहूंगा कि आपने सदन में मजलूम और बेसहारा की आवाज को उठाया और मैं 7 राज्यों की सभी सम्मानित जनता को यह बधाई देना चाहूंगा कि अपने लोकतंत्र को बचाने में अपना मतदान दिया सभी को बहुत-बहुत बधाई। युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अलकमा उस्मानी ने कहा कि सात राज्यों की जनता ने भाजपा सरकार को करारा जवाब दिया है कि यह देश भाईचारा एकता से चलता है यह देश प्रेम और सौहार्द से चलता है जिसका जीता जागता सबूत इन 7 राज्य और 13 विधानसभा के चुनाव में जनता ने दिया मैं 7 राज्य की देव तुल्य जनता को इस जीत की बहुत-बहुत बधाई देता हूं। कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष चरवा निक्की पाण्डेय ने किया इस जश्न की खुशी में कौशांबी जिले के वरिष्ठ नेता राम बहादुर त्रिपाठी महेंद्र मिश्रा ,अशोक पाण्डेय (सभासद) नूरुद्दीन जमा, निक्की पाण्डेय, एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव उदय यादव, मोहम्मद मसरूर(शाहरुख), उज्वल यादव नेवादा, हेमंत रावत , गुड्डू रैदास, रामप्रकाश, अरविंद यादव, शिवकुमार, पवन यादव छेदीलाल पाल ,अजय सिंह विनोद सरोज, विकास राजपूत, रमेश गौतम और समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

### बालू डंप पर नायब तहसीलदार ने मारा छापा



**कोखराज कौशाम्बी।** नायब तहसीलदार सिराथू संजय सिंह अपने साथ खनन अधिकारी व सहयोगी पुलिस बल के साथ सिराथू तहसील के अन्तर्गत ने रामपुर सुहेला विसारा,भरवारी क्षेत्र में बालू डंप स्थान पर पहुँचे और माफियाओं द्वारा डंप की गई बालू की जांच की जांच के दौरान बालू माफिया डंप बालू का कागजात नही दिखा सके हैं नायब तहसीलदार के मौके पहुँच कर छापा मारने से लोगों में अफरातफरी मच गयी व मौके पर नाबालिग मजदूर व नाबालिग ड्राइवर को देख कर उनका पारा गर्म हुआ क्षेत्र में हो रही नाबालिग ड्राइवरों द्वारा दुर्घटना को भी मददेनजर फटकार लगाई बालू माफियाओं पर कड़ी कार्यवाही की अचानक कार्यवाही से बालू माफिया हलाकान रहे

### सैकड़ो साल पुराने हरे पेड़ को लकड़ी माफियाओ ने काट दिया



**कौशाम्बी** मंझनपुर कोतवाली के नारा पुलिस चौकी के नजदीक बेखौफ लकड़ी माफिया ने 100 साल पुराना सेमर का हरा पेड़ जेसीबी मशीन लगा कर जमीन में धराशाही कर दिया काटा गया हरा पेड़ अभी तक मौके पर पड़ा हुआ है लकड़ी माफिया पर वन विभाग ने भी कार्यवाही नहीं की है स्थानीय लोगों का कहना है कि चौकी पुलिस की मिलीभगत से बिना परमिशन लकड़ी माफिया ने हरा पेड़ गिराया है स्थानीय लोगों ने अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया है सरकार बृह्दद पौधा रोपण की बात कर रही है और लकड़ी माफिया पेड़ को नष्ट कर रहे हैं इन पर कठोर कार्रवाई किए जाने की जरूरत है।

### लकड़ी माफिया को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी** चरवा थाना क्षेत्र के गांव रामपुर में 2 नीम के हरे पेड़ को लकड़ी माफिया ने काट दिया है मामले की भनक स्थानीय थाना के पुलिस चौकी बरियावा के चौकी इंचार्ज को लग गई चौकी इंचार्ज सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और हरा पेड़ काटने वाले लकड़ी माफिया बुद्धधन पासी पुत्र गंगा पासी को गिरफ्तार कर लिया है बताया जाता है वन विभाग से हरा पेड़ काटने का लकड़ी माफिया ने परमिट भी नहीं लिया था।

### सकिपा की ग्राम मासिक बैठक आज

**कौशाम्बी** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में प्रति माह 15 तारीख को गांव गांव होने वाली ग्राम मासिक बैठक कल 15 जुलाई सोमवार समय 12 बजे से जिले भर के कई गांवो में होगी। बैठक में बिजली कटौती एवं नहरों में जलापूर्ति न होने जैसी समस्यायों को लेकर चर्चा होगी, ऐसी जानकारी पार्टी नेता अजय सोनी ने दी है।

## ● कितनी सरकार आई-गई नहीं बनवा सकीं रास्ता....

# तालाब की पगडंडी के सहारे पढ़ने जाते हैं छात्र-छात्राएं

**अखंड भारत संदेश**



**अझुवा कौशांबी।** कड़ा ब्लॉक कनवार गांव सभा के मजरे मकरी बाग में प्राथमिक विद्यालय संचालित है जिला प्रशासन से लेकर प्रदेश में कई सरकारे आई और गई पर विद्यालय जाने के लिए कोई रास्ता नहीं बनवा सका प्राथमिक विद्यालय पहुंचने के लिए पगडंडी का सहारा लेना पड़ता है वह पगडंडी भी तालाब के किनारे से होकर गुजरती है जिस पगडंडी से बच्चे अध्ययन के लिए गुजरते हैं हर समय अभिभावकों को तालाब में गिरने का डर सताता है किंतु आज तक विद्यालय पहुंचने के लिए रास्ता नहीं बनाया गया है इस प्राथमिक विद्यालय में 27 छात्र पंजीकृत हैं यहां एक प्रधानाध्यापक राजेश कुमार सहित दो सहायक अध्यापकों की ड्यूटी लगाई गई है। आज 16 छात्र और छात्राएं उपस्थित रहे एक सहायक अध्यापक छुट्टी पर रहे ।प्रधानाध्यापक एवम महिला शिक्षिका स्वेता वर्मा उपस्थित रही। वही बच्चों की देखरेख करती रही विद्यालय प्रांगण में बड़ी-बड़ी घास एवं झाड़ियां उग आई है मौके पर शौचालय का ताला बंद रहा है विद्यालय के प्रांगण के चारों ओर बड़ी बड़ी घास उगी हुई हैं परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सफाई कर्मी भी स्कूल की साफ सफाई नहीं कर रहा है अव्यवस्थाओं से जूझ रहे विद्यालय की ओर सरकार से लेकर अधिकारियों की निगाह नहीं है जबकि सरकार मॉडल विद्यालय की बात कर रही है और यहां आने जाने का रास्ता साफ सफाई सब कुछ व्यवस्था चौपट है।

# फुफी बाबा चादर में क्या लाएं हैं...

जनाबे कासिम की याद में सातवीं मोहर्रम को निकाला गया जुलूस



**कौशांबी।** कभी इस टुकड़े पे है कासिम कभी उस टुकड़े पे है कासिम, है-2 कासिम है -2 कासिम। सातवीं मुहर्रम रविवार को दिन में हजरत इमाम हसन अलेहिस्सलाम के 13 वर्षीय बेटे हजरत कासिम अलैहिस्सलाम की शहादत का गम मनाया गया। कर्बला के मैदान में यजीद की फौज ने शहजादे कासिम को शहीद करके उनकी लाश को घोड़ों की टापों से पामाल कर (कुचल) दिया था। सातवीं मोहर्रम से ही यजीदयों ने हुसैनियों पर जुल्म ज्यादा बढ़ा दिये थे। भीषण गर्मी थी इसके बावजूद उन पर पानी बंद कर दिया गया। तीन दिन की भूख-प्यास की शिद्दत में परिवार और साथियों के साथ दी गयी कुर्बानियों को याद करके अजादार गम-ए-हुसैन में डूब गए। हजरत कासिम की शहादत का दर्दनाक मंजर सुन अजादार बेकरार हो उठे। नम आंखों से अजादारों ने आंसुओं का पुरसा पेश किया। लहना में कौसर हुसैन के इमाम बारगाह से इमाम चौक तक मौला अब्बास का अलम व जनाबे कासिम का ताबूत ले जाया गया। कौसर हुसैन के अशरे की सातवीं मजलिस को मौलाना सय्यद शाहिद रजा सोनवी ने खिताब किया। मौलाना ने पहले इमाम हजरत अली अलैहिस्सलाम की एलान-ए-विलायात का जिक्र करते हुए कहा कि जब हजरत रसूल खुदा (स.) हज करके वापस आ रहे थे और जब गदीर के मैदान में नबी-ए-करीम ने इमाम की विलायत का एलान किया था। रसूल द्वारा इमाम को अपना जानशीन घोषित करने के बाद भी जालिमों ने उनपर और उनके परिवार पर जुल्म करना नहीं छोड़ा। दस मुहर्रम को इमाम के बेटे हजरत इमाम हुसैन अलेहिस्सलाम को उनके 72 जानिसारों के साथ कत्ल कर दिया गया, वही मसायब बयान करते हुए कहा सातवीं मुहर्रम को कर्बला के मैदान में यजीद की फौज ने शहजादे कासिम को शहीद करके उनकी लाश को घोड़ों की टापों से पामाल (कुचल) कर दिया था। जिसकी याद में हर साल दुनियाभर में मुहर्रम मनाया जाता है। रविवार को कौसर हुसैन के घर पे एक मजलिस का अयोजन किया और अलम ताबूत बरामद हुए। जिसमे मजलिस के बाद नौहखान जीशान उर्फ राजू ने पढ़ा हुसैन कहते थे रोकर हबीब तन्हा हूं, हसन असकरी, हसन मोहम्मद, कमर अब्बास,ने पढ़ा था तराई पे हश्र का मंजर,वही अंजुमन ए बाजू ए अब्बास ने सीना जनी की इस मौके पर अंजुमन के सदर सय्यद जीशान असगर उर्फ.फाते मिया मंजर अब्बास अहमद रिजवी ,मशरकैन , हसन हैदर मोहम्मद जमिन मासूम आदि लोग उपस्थित रहे।

संपादक की कलम से

## परिवार नियोजन के क्षेत्र में काफी सफलता मिली है

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर हम परिवार नियोजन के क्षेत्र में भारत की अविश्वसनीय यात्रा पर गौर करते हैं, अपनी सफलताओं का उत्सव मनाते हैं, आशाओं से भरे भविष्य की कामना करते हैं तथा आगामी चुनौतियों से निपटने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं. जैसा कि मई 2024 में जनसंख्या विकास पर संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आइसीपीडी) में संकल्प व्यक्त किया गया है, भारत ने न केवल आइसीपीडी के एजेंडे को मजबूत नेतृत्व प्रदान किया है, बल्कि बेहतर परिवार नियोजन सेवाओं और स्वास्थ्य संबंधी नतीजों, विशेषकर मातृ और बाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार के जरिये जमीनी स्तर पर जबरदस्त प्रगति का प्रदर्शन किया है.

भारत में मिलेनियल महिलाएं छोटे परिवारों को चुन रही हैं. ऐसे परिवार में औसतन केवल दो बच्चे होते हैं. यह प्रवृत्ति पिछले दशक में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दशार्ती है, जिसके दौरान प्रजनन आयु (15 से 49 वर्ष) की 57 प्रतिशत महिलाओं ने आधुनिक गर्भनिरोधकों का उपयोग किया है. यह व्यापक उपयोग भारत के परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता को दशार्ता है

परिवार नियोजन का आशय गर्भनिरोधकों से कहीं आगे है. यह महिलाओं, परिवारों और समुदायों के स्वास्थ्य एवं कल्याण का अभिन्न अंग है. यह महिलाओं, लड़कियों एवं युवाओं को अधिकार और विकल्प प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाता है. भारत 10-24 वर्ष की आयु के 36.9 करोड़ युवाओं के साथ एक परिवर्तनकारी जनसांख्यिकीय बदलाव के दौर से गुजर रहा है और विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए तैयार है।

पिछले कुछ दशकों में इस कार्यक्रम में काफी विकास हुआ है और परिवार नियोजन के विभिन्न तरीकों को अपनाया गया है. यह बदलाव आबादी की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए नीतियों को ढालने का प्रतिनिधित्व करता है. राष्ट्रीय जनसंख्या और स्वास्थ्य संबंधी नीतियां परिवार नियोजन की अधूरी रह गयी उस जरूरत को पूरा करने की आवश्यकता पर बल देती हैं, जिसे वैसी महिलाओं के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो बच्चे नहीं चाहतीं या देर से बच्चे जन्म देना चाहती हैं, पर गर्भनिरोधक का कोई तरीका नहीं अपनाती हैं.

इस कार्यक्रम ने 2012 में प्रजनन, मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य दृष्टिकोण के संस्थागतकरण के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, साथ ही परिवार नियोजन 2020 और अब परिवार नियोजन 2030 के माध्यम से परिवार नियोजन पर वैश्विक स्तर पर जोर दिया गया. इसने निरंतर जागरूकता बढ़ाने, सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने, सूचना और सेवाओं की सुलभता में सुधार करने, गर्भनिरोधक विकल्पों की सीमा का विस्तार करने, अंतिम छोर तक दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता संबंधी आश्वासन सुनिश्चित करने और उच्च प्रजनन क्षमता वाले क्षेत्रों में नयी रणनीतियों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित किया है.

भारत पहले ही राष्ट्रीय स्तर पर प्रजनन क्षमता के प्रतिस्थापन स्तर (टीएफआर 2.0) को प्राप्त कर चुका है और एनएफएचएस-5 (2019-21) के अनुसार 31 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश पहले ही यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं. परिवार नियोजन को मातृ एवं शिशु रुग्णता और मृत्यु दर को कम करने के लिए भी वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त है और इस कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण घटक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार पर ध्यान केंद्रित करना है।

भारतीय राज्यों की जनसांख्यिकीय विविधता के अनुरूप परिवार नियोजन की रणनीतियों को ढाला गया है. सुलभ गर्भनिरोधक विकल्पों की सीमा को व्यापक बनाने के साथ-साथ यह रणनीति विवाह की आयु, पहले जन्म की आयु और लड़कियों की शैक्षिक प्राप्ति जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी विचार करती है। भारत सरकार के प्रमुख परिवार नियोजन कार्यक्रमों में से एक- मिशन परिवार विकास- को 2016 में सात राज्यों (बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और असम) के उच्च प्रजनन दर वाले 146 जिलों में गर्भनिरोधक और परिवार नियोजन सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए शुरू किया गया था. यह व्यापक अभियानों के माध्यम से परिवार नियोजन सेवाओं के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण पर आधारित था। इसके तहत सारथी वाहनों (वाहन के जरिये जागरूकता), युवा महिलाओं के लिए गर्भनिरोधकों तक पहुंच की सुविधा में सामाजिक बाधाओं को दूर करने के लिए सास-बहू सम्मेलनों का आयोजन और नवविवाहित जोड़ों को परिवार नियोजन के बारे में जागरूक बनाने के लिए नयी पहल किट प्रदान करने जैसे विभिन्न कार्यक्रम शामिल थे. साथ ही, एक मजबूत परिवार नियोजन लॉजिस्टिक्स प्रबंधन सूचना प्रणाली का उपयोग कर गुणवत्तापूर्ण सेवाएं और गर्भनिरोधकों की निर्बाध आपूर्ति के लिए स्वास्थ्य प्रणाली को तैयार किया गया था. इन जिलों में बेहतर परिणामों के कारण सरकार ने 2021 में इस कार्यक्रम को सात राज्यों के सभी जिलों और छह पूर्वोत्तर राज्यों में विस्तार करने का निर्णय लिया. वित्त वर्ष 2016-17 में गर्भनिरोधक विकल्पों का भी विस्तार किया गया. वर्तमान में राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम विभिन्न प्रकार के आधुनिक गर्भनिरोधक प्रदान करता है.

## मोदी की रूस यात्रा पर अमेरिका की आपत्ति का औचित्य

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा के बाद से अमेरिका की जिस प्रकार की तल्खी सामने आ रही है, वह यह बताने को काफी है कि उसे भारत और रूस की दोस्ती का यह अध्याय पसंद नहीं आ रहा है। रूस के लिए यह अप्रितम उपहार जैसा है कि भारत समान देश उसके साथ दोस्ती रख रहा है। अमेरिका समेत पश्चिमी के सभी देश चाहते हैं कि रूस को वैश्विक स्तर पर अलग-थलग कर दिया जाए। लेकिन इस दौरान भारत के प्रधानमंत्री रूस की यात्रा पर चले जाते हैं और अनेक अहम फैसले वहां लिए जाते हैं।

अमेरिका ने इस यात्रा पर न केवल सवाल उठाए हैं, अपितु भारत के विदेश मंत्रालय में फोन करके यह भी कहा है कि सिर्फ शांति बहाली की बात नहीं होनी चाहिए अपितु शांति भंग करने वाले को दंडित भी करना चाहिए। अमेरिका का यह कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी ने युद्ध के बीच रूस की यात्रा करके उसके मनोबल को ही बढ़ाया है, जबकि यह समय रूस से दूरी बनाने का है। गौरतलब बात यह भी है कि अमेरिका ने कहा है कि भारत, रूस से जो हथियार खरीद रहा है, उससे कहीं ज्यादा श्रेष्ठ हथियार तो अमेरिका बना रहा है, ऐसे में भारत को रूस की बजाय अमेरिका से संबंध आगे बढ़ाने चाहिए। बेशक, इस तरह की बातें कुछ हद तक जायज भी लगती हैं, रूस की सेना यूक्रेन के अंदर जिस प्रकार से कहर ढाह रही है, वह बेहद शर्मनाक और चिंताजनक है। भारत हमेशा से शांतिप्रिय देश रहा है, उसने कभी किसी पर हमला नहीं किया है अपितु अपने बचाव में ही कदम उठाए हैं।

हालांकि रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरूआत रूस ने ही की थी, लेकिन उसके बावजूद वह यूक्रेन पर पूरी तरह से कब्जा नहीं कर पाया है और अब खुद उसे मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में उसे भारत से दोस्ती याद आ रही है और वह प्रधानमंत्री मोदी अपना सर्वोच्च सम्मान भी प्रदान कर रहा है। वास्तव में यह काफी पेचीदा विषय हो सकता है कि साफ तौर पर यह कहा जाए कि हमें अमेरिका से ही दोस्ती रखनी है, रूस से नहीं। या फिर यह कि हमें रूस से ही दोस्ती रखनी है, अमेरिका से नहीं। वैश्विक समाज में बहुत बड़े पैमाने पर बदलाव आ रहा है। एक समय दुनिया दो ध्रुवीय थी। एक की अगुवाई अमेरिका कर रहा था तो दूसरे की रूस। हालांकि अब समय बदल गया है। इस दौर में भारत जैसे विकासशील देश जिसकी अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और जिसकी भूमिका भी वैश्विक स्तर पर प्रमुख एवं चुनौतीपूर्ण हो रही है। उसके लिए रूस और अमेरिका दोनों से संबंध आगे बढ़ाना जरूरी है।

# अनंत की शादी या शादी का अनंत ?

**@ राकेश अचल**

मुझे पढ़ने वाले, स्नेह करने वाले, चिढ़ने वाले रोजाना किसी न किसी विषय पर लिखने का आग्रह करते हैं। कभी कभी मैं अपने प्रशंसकों और विरोधियों के सुझाए विषयों पर लिखता भी हूं, लेकिन मुझे हैरानी है कि किसी ने भी मुझसे इस साल की सबसे मंहगी अनंत अंबानी की शादी पर लिखने का आग्रह नहीं किया। आज मैं खुद इस विषय पर लिख रहा हूं।

धीरूभाई अंबानी के पौत्र अनंत अंबानी की शादी भारत में होने वाली शायद सबसे मंहगी और विशेष शादी है। इस शादी में अनंत के पिता माननीय मुकेश अंबानी केवल आसमान के तारे तोड़कर नहीं ला पाए अन्यथा धरती पर जितना कुछ संभव था उन्होंने कर दिखाया।

मै अंबानी परिवार से वर्षों से जुड़ा हूं, हालांकि वे मुझे नहीं पहचानते। पहचानते होते तो मुझे भी अनंत की शादी का निमंत्रण पत्र भेजते। अंबानी परिवार ने अनंत की शादी पर जिस दरियादिली से द्रव्य खर्च किया है, उसे देखकर इस परिवार के प्रति मेरे मन में श्रद्धा और बढ़ गई है। मै उन लोगों में से नहीं हूं जो अनंत की शादी पर होने वाले खर्च को फिजूलखर्ची मानते हैं। मै इस खर्च को अम्बानी परिवार का संवैधानिक और मौलिक अधिकार मानता हूँ।

अम्बानी के बेटे की शादी में जो गया वो सौभाग्यशाली है, और जो नहीं जा पाया वो शायद बदनसीब ही कहा जाएगा। माननीय प्रधानमंत्री से लेकर माननीय शंकराचार्य तक अनंत को शुभकामनाएं, बधाई और आशीर्वाद देने पहुंचे। ये अनंत की किस्मत है कि वे उस परिवार में जन्मे हैं जिसने दुनिया को 22 साल पहले अपनी मुठ्ठी में कर लिया था। अनंत के दादा धीरूभाई अम्बानी ने मात्र ५०० रुपए से अपना कारोबार शुरू किया था और आज उनके बेटे मुकेश अम्बानी के पास 12370 करोड़ अमीरीकी डालर यानि कोई 1020 लाख करोड़ की सम्पत्ति है। ये अम्बानियों का पुरुषार्थ है। वे आज दुनिया के बड़े से बड़े सितारे को अपनी उँगलियों पर नचा सकते है। भारत की सत्ता और विपक्ष और जनता-जनार्दन आखिर किस खेत की मूली है ? उनकी मुठ्ठी में देश कि सत्ता, देश कि अर्थव्यवस्था और देश कि निरीह जनता है।

अनंत की शादी की तस्वीरें देखकर जलने वालों की संख्या भी अम्बानी की अकूत सम्पत्ति की तरह असंख्य है, लेकिन जलने वाले जलते रहें, अम्बानी जी के ऊपर क्या असर होने वाला है ? देश में माननीय प्रधानमंत्री जी से लेकर अम्बानी जी का संतरी भी ये हिम्मत नहीं कर सकता कि वो अम्बानी जी को धन का अमर्यादित प्रदर्शन करने से रोक सके। प्रतिकार की शक्ति नैतिकता से आती है और दुर्भाग्य से ये शक्ति न हमारे राजनेताओं में है और न धार्मिक नेताओं में। वे सब लक्ष्मी के दरबार में चोबदारों की तरह अपने सेंगोल लेकर उपस्थित हुए हैं। अगर उपस्थित न होते तो शायद अम्बानी परिवार उन्हें जाति बाहर कर देता। और जाति से बाहर कोई नहीं होना चाहता। न प्रधानमंत्री और न शंकराचार्य। लक्ष्मी के सामने सभी नतमस्तक होते हैं। मुझे तो लग रहा



था कि जैसे अम्बानी के बेटे की शादी में दुनिया के सारे अब्दुल्ला दीवाने हो रहे थे।

अम्बानी परिवार ने किस गवैये, किस नचाइये को कितना धन दिया इसकी खबरें चटखारे लेकर छपी, दिखाई जा रहीं हैं। अनंत और उनकी पत्नी राधिका के लंहगे से लेकर मेकअप तक के कसीदे काढ़े जा रहे हैं। इस नव दम्पत्ति के साक्षात्कार ऐसे दिखाए जा रहे हैं जैसे वे भारत की संस्कृति का प्रतिनीधित्व करते हों। ये वो देश है जिसमें आज भी लोग अपने बच्चों का विवाह करने के लिए सरकारी योजनाओं पर निर्भर हैं। लेकिन इस देश में ही अम्बानी भी रहते हैं। उनके पास इतनी सम्पत्ति है कि वे यदि रोजाना 3 करोड़ रुपए भी खर्च करें तो उन्हें अपनी सम्पत्ति खर्च करने के लिए कम से कम 932 साल छह महीने चाहिए। यानि अम्बानी की कम से कम दस पीढ़ियां तो बिना हाथ हिलाये आनंद के साथ रह सकतीं हैं।

दुनिया के हर देश में अपने-अपने अम्बानी है। पूंजीवादी देशों में तो अम्बानियों का होना स्वाभाविक है लेकिन भारत जैसे महान लोकतान्त्रिक देश में किसी का अम्बानी होना एक अजूबा है। भारत में 500 रुपए की पूँजी से अरबों-खरबों की पूँजी बनाने का करिश्मा यूं ही नहीं हो जाता। इस करिश्में में वे तमाम संवैधानिक और असंवैधानिक शक्तियां भी बराबर से सहयोगी होतीं हैं जिनके दर्शन आपने अनंत की शादी के प्रीतिभोज में किये। मै किसी का नाम लेकर किसी को लांछित नहीं कर सकता। किसी को लांछित करने का कोई कारण भी नहीं है। ये एक परिवार का सुखद प्रसंग है। दुखद सिर्फ इतना है कि देश के प्रधानमंत्री हों या शंकराचार्य या विपक्ष के नेता उन गरीबों के बच्चों की शादियों में नहीं जाते जहाँ तड़क-भड़क नहीं होती। गरीबों के यहां जाने और न जाने से कोई फर्क नहीं पड़ता। फर्क पड़ता है अम्बानियों के यहां न जाने से। माननीय प्रधानमंत्री जिन अम्बानी के बेटे की शादी में शरीक हुए उन्हें के ऊपर पिछले महीने आम चुनाव के समय उन्होंने टेम्पो भर भरकर विपक्ष को रुपया देने का आरोप लगाया था। ईडी प्रेमी सरकार भी अम्बानी के घर ईडी भेजने का साहस नहीं कर पायी।

देश के एक सामान्य नागरिक और अम्बानी परिवार के उपभोक्ता की हैसियत से मै अनंत और राधिका के सुखद और उज्ज्वल जीवन के लिए अपनी शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित करते हुए अनंत से आग्रह करूंगा कि जब उनके हाथ में अम्बानी परिवार की सत्ता आए तो वे अपनी शादी में हुए धन के बेहूदा प्रदर्शन कि पुनरावृत्ति नहीं होने देंगे। प्रेरणा लेंगे उस गाँधी परिवार से जिसने अपनी बेटी की शादी में मात्र 350 लोगों को आमंत्रित किया था। यद्यपि गांधी परिवार चाहता तो अम्बानी से ज्यादा भीड़-भड़क्का, चमक-दमक कर सकता था। मुझे याद है कि प्रियंका की शादी में कांग्रेस के ही तमाम सांसदों को न्यौता नहीं दिया गया था। हमारे माननीय के तो कोई बाल-बच्चा है नहीं इसलिए उनके ऊपर इस तरह की फिजूलखर्ची का कोई आरोप लगाया नहीं जा सकता, लेकिन उन्होंने अपने मन की हसरत अपने शपथ ग्रहण समारोह में देश -दुनिया के तमाम लोगों को आमंत्रित कर पूरी कर ली थी।

लब्बो-लुआब ये है कि भारत में अनंत जैसी शादियों पार प्रतिबंध की जरूरत है, क्योंकि आज भी इस देश में 80 करोड़ से ज्यादा जनता सरकार द्वारा मुहैया कराये जा रहे पांच किलो अन्न पर निर्भर है। अम्बानी जैसी फिजूलखर्ची इन गरीबों का अपमान है। उन्हें नीचा दिखने कि कोशिश है। देश में यदि शादियों की फिजूल खर्ची रोकने के लिए कोई कानून प्रभावी नहीं है तो नए कानून बनाये जाएँ। सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग इस तरह के फूहड़ धन प्रदर्शन से जुड़े आयोजनों में जाने से अपने आपको रोकें, अन्यथा देश में उलटी गंगा हमेशा बहती रहेगी। और हमारा संविधान टुकुर-टुकुर ये सब देखता रहेगा।

## राजस्थान भाजपा में उठने लगे बगावत के स्वर

**रमेश सर्राफ धमोरा**

लोकसभा चुनाव के बाद राजस्थान भाजपा में जमकर उठा पटक मची हुई है जो भविष्य में आने वाले तूफान के संकेत दे रही है। राजस्थान के कृषि मंत्री डा. किरोड़ी लाल मीणा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने सरकारी गाड़ी व अन्य सरकारी सुविधाएं भी लौटा दी है। यहां तक की डा. किरोड़ी लाल मीणा बजट सत्र में भी विधानसभा में नहीं आने की घोषणा कर चुके हैं। डा. किरोड़ी लाल मीणा भाजपा के कद्दावर नेता हैं और राजस्थान में संघर्ष के प्रतीक रहे हैं। सरकार में हो या विपक्ष में वह अपनी बात पूरी मुखरता से रखने के लिए जाने जाते हैं।

डॉ. किरोडी लाल मीणा मंत्रिमंडल के गठन के वक्त से ही नाराज बताए जा रहे हैं। मंत्रिमंडल के गठन के वक्त उन्हें उनकी वरिष्ठता के अनुरूप महत्व नहीं मिला था। जिसके चलते वह अंदर खाने नाराज चल रहे थे। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद उन्होंने खुलकर अपनी नाराजगी का इजहार कर दिया। डॉ. किरोडी लाल मीणा दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात कर चुके हैं। उसके उपरांत भी उन्होंने अपना मंत्री पद से इस्तीफा वापस नहीं लिया है। कहने को तो भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी कहते हैं कि किरोड़ी लाल मीणा पार्टी से नाराज नहीं है और वह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के संपर्क में है। मगर हकीकत में ऐसा कुछ नजर नहीं आ रहा है। बजट सत्र में भी विधानसभा नहीं आकर डा. किरोड़ी लाल मीणा ने अपनी नाराजगी खुलकर जता दी है।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया अपने उपेक्षा से पहले से ही दुखी है। गाहे बेगाहे अपनी नाराजगी जाहिर करती रहती है। विधानसभा में भी वसुंधरा समर्थक विधायक सरकार को जमकर घेर रहे हैं। विधानसभा चुनाव के बाद वसुंधरा राजे को पूरी आशा थी कि उन्हें तीसरी बार मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। मगर जिस प्रकार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जेब से पर्ची निकाल कर वसुंधरा राजे से नए मुख्यमंत्री के लिए भजनलाल शर्मा के नाम की घोषणा करवाई। उससे वसुंधरा राजे की आम जनता में काफी फजीयत हुई थी। जिसे वसुंधरा अभी तक भूल नहीं पाई है।

लोकसभा चुनाव में प्रदेश की 11 सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की हार से जहां केंद्र में भाजपा कमजोर हुई है वही राजस्थान में तो भाजपा सरकार के मुखिया भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी सहित अन्य सभी अग्रिम पंक्ति के नेताओं की जमकर किरकिरी हुई है। केंद्र सरकार में तीसरी बार मंत्री बने अर्जुन राम मेघवाल बीकानेर लोक सभा सीट से महज 55711 वोटो के अंतर से जीत सके हैं। जबकि 2019 में वह 264081 व 2014 के चुनाव में 308079 वोटो के अंतर से चुनाव जीते थे। इस तरह देखे तो इस बार अर्जुन राम मेघवाल ने बहुत ही मुश्किल से चुनाव जीता है। जबकि उनके पड़ोस की श्रीगंगानगर, चुरु, झुंझनू, सीकर सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की हार हुई है।

इसी तरह तीसरी बार केंद्र सरकार में मंत्री बने गजेंद्र सिंह शेखावत की स्थिति भी कोई बेहतर नहीं रही है। उन्होंने कांग्रेस के अनजान से प्रत्याशी करण सिंह उचियारड़ा को 115677 वोटो से हराया है। जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने तब के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत को 274440 वोटो से व 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की कैबिनेट मंत्री चंद्रेश कुमारी कटोच को 303464 वोटो से चुनाव हराया था। इस बार के चुनाव में गजेंद्र सिंह का प्रभाव भी कम हुआ है। गजेंद्र सिंह के पड़ोस की बाड़मेर-जैसलमेर, नागौर, सीट पर भाजपा चुनाव हार गई है। जबकि पिछली बार यह सभी सीट भाजपा के पास थी। गजेंद्र सिंह शेखावत का शेरगढ़ विधायक बाबूसिंह राठौड़ से चुनाव पूर्व हुआ विवाद भी खास सुर्खियों में रहा था। बाड़मेर-जैसलमेर सीट पर तो भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी तीसरे स्थान पर रहें थे। उन्हें मात्र 16.99 प्रतिशत यानि 286833 वोट ही मिल पाए थे। जबकि 2019 का चुनाव कैलाश चौधरी ने 323808 वोटो से जीता था। तब उन्हें 846526 वोट मिले थे।

लोकसभा चुनाव में चूरू सीट पर भाजपा सांसद राहुल कस्वां का टिकट काटे जाने से जाटों में भाजपा के प्रति काफी नाराजगी व्याप्त हो गई थी। जिसका खामियाजा उन्हें जाट बहुल अधिकांश सीटों पर हार कर चुकाना पड़ा था। पिछली बार भाजपा के पांच सांसद जाट वर्ग से थे। जबकि अबकी बार अजमेर से भागीरथ चौधरी जीत पाए हैं। लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी अपने पुत्र के झालावाड़ संसदीय क्षेत्र तक ही सीमित रही थी। उन्हें स्टार प्रचारकों की सूची में तो शामिल किया गया था। मगर चुनाव प्रचार के लिए कहीं नहीं भेजा गया। सीकर से दो बार भाजपा सांसद रहकर पिछला चुनाव हार चुके स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने खुलकर कहा है कि यदि वसुंधरा राजे से चुनाव प्रचार करवाया जाता तो नतीजे हटकर मिल सकते थे।

# गौरवशाली भारत के निर्माण की योजना

**अजीत रानाडे**

पाठक शायद समझ रहे होंगे कि यह लेख रूस के सहयोग से लड़ाकू विमान विकसित करने की एक नयी परियोजना के संबंध में कोई प्रस्ताव है, विशेष रूप से तब, जब हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस की यात्रा की है. मिग युद्धकों को हासिल करना भारत-रूस रक्षा संबंध का एक मुख्य आयाम है. साठ के दशक में ही मिग-21 लड़ाकू विमान भारतीय वायु सेना की शक्ति बन गये थे और ये सोवियत संघ द्वारा भेजे गये सबसे विकसित युद्धक थे.



मिग-21 ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में उल्लेखनीय भूमिका निभायी थी और 1999 में करगिल में मिग-21 और मिग-27 जहाज बहुत प्रभावी सिद्ध हुए थे. इन जहाजों के संचालन एवं देखरेख के अनुभव ने भारत के स्वदेशी जहाज कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. तेजस इस विकास का एक उल्लेखनीय उदाहरण है. अब मिग-29 का विकास किया जा रहा है. अभी किसी मिग-47 की कोई योजना नहीं है. कुछ लोग सुखोई-47 को मिग-47 समझ बैठते हैं. वैसे भी भारत का झुकाव अब मिग सीरीज से तेजस और रफाल की ओर जाता दिख रहा है. यह लेख एक नये और अधिक महत्वाकांक्षी परियोजना मिग-47 (मेक इंडिया ग्रेट-47) के बारे में है, जिसके तहत भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है, जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की है.

मिग-47 राष्ट्र के गौरव के लिए कार्य करने से संबंधित है. आगे बढ़ने से पहले हमें एक बुनियादी सवाल पूछना है- क्या राष्ट्रवाद प्रचलन से बाहर हो रहा है, या इसका पुनरुभार हो रहा है? भौगोलिक आधार पर राष्ट्र की अवधारणा केवल तीन सदी पुरानी है, इसलिए राष्ट्र-राज्य एक नयी अवधारणा है. राष्ट्रवाद का प्रभाव कम होने के कारक वैश्वीकरण, तकनीक और यूरोपीय संघ, शुल्क संघ, सैन्य गठबंधन, व्यापार समूह आदि जैसे राष्ट्रोत्तर व्यवस्थाएं हैं.

राष्ट्रवादी भावनाएं अंतरराष्ट्रीय एवं बहु-सांस्कृतिक प्रभावों से प्रभावित हो सकती हैं. यूरोपीय संघ जैसी व्यवस्थाओं में सदस्य देश कुछ हद तक अपनी संप्रभुता का समर्पण कर देते हैं. उदाहरण के लिए, मौद्रिक नीति पर सदस्य देशों का नियंत्रण नहीं होता है तथा उन्हें ऐसे कारोबारी कानूनों का पालन करना पड़ता है, जो दो दर्जन देशों में लागू होते हैं. ब्रिटेन का हालिया चुनावी नतीजा ब्रेक्जिट को खारिज करने का एक जनादेश हो सकता है.

शरणार्थियों की आवाजाही तथा बड़ी तादाद में अप्रवासियों की मौजूदगी भी राष्ट्रवादी भावनाओं को कमजोर करती हैं. इसके साथ ही, आक्रामक राष्ट्रवाद के उभार के भी सबूत हैं, खासकर शरणार्थी एवं अप्रवासी विरोधी मुहिमों में यह साफ दिखता है. बेरोजगारी को लेकर भी चिंताएं हैं, जिसका दोष बाहर के लोगों पर मढ़ा जाता है.

बराक ओबामा के प्रचार को याद करें, जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी रोजगार भारत, चीन जैसे देश छीन रहे हैं. राष्ट्रवादी भावनाएं भू-राजनीति, सीमा विवाद, राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा और उन्मादी बयानों से भी बढ़ती हैं. इसमें सोशल मीडिया की भी भूमिका होती है. निर्णायक तौर पर नहीं कहा जा सकता है कि राष्ट्रवाद चलन से बाहर हो गया है या इसकी जड़ें अभी और गहरी होंगी.

मिग-47 के आर्थिक आयाम हैं. इसके तहत भारत की प्रतिव्यक्ति आय को उच्च मध्य आय श्रेणी (आज के हिसाब से 20 हजार डॉलर प्रति व्यक्ति) में लाना है. इसके लिए अगले 25 वर्षों में राष्ट्रीय आय को दस गुना बढ़ाना होगा. इसका अर्थ है कि डॉलर के हिसाब से हर साल 9.6 प्रतिशत वृद्धि दर होनी चाहिए. यह दर असंभव नहीं है, इसे हासिल किया जा सकता है और दो दशकों तक जारी रखने की जरूरत होगी. मिग-47 में जीवन स्तर में बेहतरी का आयाम भी शामिल है. इसका अर्थ है कि स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो, घर पर्यावरण के अनुकूल संसाधनों से निर्मित हों, शहरों में व्यापक स्तर पर यातायात के सार्वजनिक साधन हों तथा हवा में जहरीले तत्व कम-से-कम हों. चूंकि आय बढ़ाने में ऊर्जा की भारी खपत होगी, इसलिए यह जरूरी है कि स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन में दुगुनी या तिगुनी गति से बढ़ोतरी हो. भारत सौर गठबंधन का वैश्विक नेता है. सौर ऊर्जा के संग्रहण और वितरण की ठोस व्यवस्था होनी चाहिए और इसके लिए बड़ी संख्या में छोटी रिचार्जेबल बैटरियों की जरूरत होगी. हम कार और स्कूटर की बैटरियों का बेहतर इस्तेमाल कर सकते हैं. रात में घर की बिजली आपूर्ति के लिए उनका इस्तेमाल हो सकता है और दिन में उन्हें सौर ऊर्जा से चार्ज किया जा सकता है. हम सभी को राम कथा की उन गिलहरियों की तरह ऊर्जा संग्रहित करने का माध्यम बनना होगा, जिन्होंने बंदरों के साथ मिलकर राम सेतु के निर्माण में योगदान दिया था. स्वच्छ ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करने से वायु गुणवत्ता में बहुत अधिक सुधार होगा. घर बनाने में इस्तेमाल होने वाला सीमेंट, जो कैल्शियम कार्बोनेट से बनता है, कार्बन डाइऑक्साइड का बड़ा स्रोत है. इसलिए कंस्ट्रक्शन सेक्टर को अपने कार्बन फुटप्रिंट में बहुत अधिक कमी करनी होगी.

मिग-47 का तीसरा आयाम है शिक्षा, कौशल, प्रशिक्षण और उत्पादकता एवं अन्वेषण क्षमता बढ़ाने के द्वारा मानव पूंजी का निर्माण. यह सबसे कठिन काम है. इसके लिए कई मोर्चों पर सुधार की आवश्यकता होगी. शिक्षा (और कृषि) में सुधार नहीं हुआ है और वह जकड़न की स्थिति में है, हालांकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 सही दिशा में उठाया गया कदम है. क्या हम ऐसा आदेश दे सकते हैं कि वरिष्ठ सिविल सर्वेंट अपने बच्चों को पांचवीं कक्षा तक पंचायत या नगरपालिका के स्कूलों में अनिवार्य रूप से पढ़ायेंगे?

ऐसा करने से जादुई बदलाव होगा. हर सरकारी विद्यालय में शिक्षकों के कामकाज का सालाना मूल्यांकन अभिभावकों एवं शिक्षकों के संगठन द्वारा हो. इससे अभिभावक विद्यालय शासन में हिस्सा ले सकेंगे. मिग-47 का चौथा आयाम है शासन के तीसरे स्तर तक सत्ता का आक्रामक और अनवरत विकेंद्रीकरण. शासन का तीसरा स्तर लोगों के सबसे निकट है, पर निर्णय लेने की स्वतंत्रता, धन की उपलब्धता तथा कामकाज के मामले में इसकी शक्ति सबसे कम है. सत्ता का जितना केंद्रीकरण होगा, हम सत्ता की राजनीति में बहुत गहरे धंसते जायेंगे.

इसलिए हमारे सामने एक ही दीर्घकालिक रास्ता है कि शासन एवं सत्ता के विकेंद्रीकरण के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास किये जाएं. मिग-47 का पांचवां आयाम सांस्कृतिक, सामाजिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक है. हमारे देश को हर तरह से अकल्पनीय विविधता का वरदान मिला है तथा हम विश्व के समक्ष सद्भाव तथा विविधता में एकता का आदर्श उदाहरण हैं. विश्व को भारत का प्रमुख संदेश है समन्वय- सहिष्णुता नहीं, बल्कि स्वीकार, केवल सह-अस्तित्व नहीं, बल्कि साथ-साथ फलना-फूलना.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं.)**

# चार वर्षीय मासूम बालिका को बचाने को आगे आये लोग

### विधायक अनिल प्रधान की पहल पर लोगों ने की मदद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के नैनी बिहरवां गांव की चार वर्षीय आन्या द्विवेदी को बचाने को सदर विधायक अनिल प्रधान के आगे आने पर मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी समेत तमाम लोग आगे आ गये हैं। उसके इलाज में आठ लाख रुपये लगने हैं। फिलहाल आन्या को विधायक अनिल प्रधान ने पीजीआई लखनऊ में भर्ती कराया है।

रविवार को विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि आन्या द्विवेदी (4) पुत्री कौशल किशोर नैनी बांगर



पीजीआई में बात करते विधायक।

बिहरवां तहसील राजापुर जिला चित्रकूट की है। उसका मोबाइल नम्बर 7754056412 है। उसका इलाज संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ में चल रहा है। वह गंभीर बीमारी से ग्रस्त है। इलाज में लगभग आठ लाख रुपये खर्च होना है। संलग्न स्टीमेट व अन्य कागजातों का अवलोकन कर इलाज को मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक मदद दी जाये। उन्होंने खुद पीजीआई जाकर बिटिया को भर्ती कराया है।

इसी क्रम में अपना दल के मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी ने भी सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि उनके जिले की चार वर्षीय आन्या द्विवेदी ब्लड कैंसर से पीडित है। इलाज संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ में चल रहा है। आर्थिक स्थिति दयनीय है। इलाज को डाक्टरों ने आठ लाख का स्टीमेट बनाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि राहत कोष से धनराशि अवमुक्त कराई जाये, ताकि बिटिया का सही ढंग से इलाज हो सके।

बिटिया के इलाज को सवर्ण आर्मी समेत कई संगठन व जनप्रिय नेताओं तथा समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर मदद देकर मानवता की मिसाल पेश की है। कैंसर पीड़ित मासूम बिटिया आन्या पुत्री कौशल द्विवेदी के इलाज को मिशन आन्या सफल बनाने को सवर्ण आर्मी चित्रकूट, सवर्ण आर्मी बांदा, वानर सेना चित्रकूट, अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद आदि संगठनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सवर्ण आर्मी चित्रकूट के पदाधिकारियों ने सहयोग किया। खासतौर से प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप द्विवेदी, जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद पांडे, जिला उपाध्यक्ष ठा दिलीप सिंह, जिला महामंत्री संदीप मिश्रा, अवनीश पांडे, मंडल अध्यक्ष अशोक पांडे, प्रदेश कार्य सीमित सदस्य कुलदीप पांडे, विनय मिश्रा, पुनीत मिश्रा, देवदूत वानर सेना के ठा हर्षवर्धन सिंह, ठा शीनू पुष्पराज सिंह, अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के जिलाध्यक्ष शिवशंकर त्रिपाठी, पत्रकार अभिनव राज त्रिपाठी, अनुज हनुमत, राजकमल पाण्डेय आदि ने मुहिम को सफल बनाने में सहयोग किया।



जांच करती पुलिस।

## चार वर्षीय बच्ची की गड्ढे में डूबने से हुई मृत्यु

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ थाना के शेषा सुबकरा गांव में रविवार को सवेरे दस बजे मिंता देवी (4) पुत्री राम कुशल निषाद गांव के बाहर गड्ढे में भरे पानी में पैर फिसलने से डूब गई। उसकी गड्ढे में डूबने से मौत हो गई।

ये घटना रविवार को सवेरे दस बजे शेषा सुबकरा गांव में हुई। सूचना मऊ थाने में दी गई। मऊ थाना प्रभारी विनोद कुमार राय व अपराध निरीक्षक अभयराज सिंह तथा कस्बा दरोगा इंद्रजीत गौतम, महिला सिपाही शिखा सिंह, सिपाही सोन पाल आदि की टीम मौके पर पहुंची। परिवारजनों से बातचीत के आधार पर संतुष्ट होने पर पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा।

# सात राज्यों के उपचुनाव में जीत पर कांग्रेसियों में खुशी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में कांग्रेसियों की बैठक में नवनियुक्त पिछडा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मोहित पाल के प्रथम जनपद आगमन पर कांग्रेसियों ने टाउन हाल में स्वागत किया। इस मौके पर मौजूद पिछडा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव का भी स्वागत हुआ।

रविवार को टाउन हाल में कांग्रेसियों की बैठक में पिछडा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव व नवनियुक्त पिछडा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मोहित पाल ने कहा कि संविधान विरोधी लोगों को समझ आ गई है। प्रदेश की जनता ने उपचुनाव में साफ कर दिया है कि कांग्रेस भाईचारा-एकता-अखंडता



प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते जिलाध्यक्ष।

सभी को समान अवसर देती है। किसी से भेदभाव नहीं करती। राहुल गांधी, गांधी के पदचिन्हों पर चलते हैं। देश के प्रति संवेदनशील हैं। सात राज्यों के उपचुनाव में जिस तरह से कांग्रेस की जीत हुई है, वह एक उपलब्धि है।

बैठक में रंजना बरातीलाल पाण्डेय, ममता पाल, राजनारायण यादव, शिवगुलाम वर्मा, रमादत्त मिश्रा, हरिहर सहाय विश्वकर्मा, अवधेश करवरिया, डॉ राकेश वर्मा, अरुण गुप्ता, भोला नामदेव, सलमान सिद्दीकी, ओमप्रकाश गुप्ता, जगजाहिर पटेल, कामता द्विवेदी, सविता पाल, इन्द्रजीत उपाध्याय, यमुना शुक्ला, कुलदीप द्विवेदी, मानवेन्द्र सिंह, मुरारीलाल विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन सेवादल जिलाध्यक्ष चुनबाद प्रसाद ने किया।

## पहाड़ी पुलिस ने चोर दबोच किया खुलासा, मोबाइल-रुपये बरामद



पुलिस गिरफ्त में चोर।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में दरोगा सुरेश प्रताप सिंह ने चोरी का खुलासा कर चोर को दबोच चोरी के मोबाइल समेत गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि 11 जुलाई 2024 को थाने के सालिकपुर गांव के बनवारी पुत्र छोटा ने थाने में सूचना दी कि छह जुलाई को अनूप पुत्र अजय ने घर में घुसकर मोबाइल व तीस हजार रुपये चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामला दर्जकर अनूप पुत्र अजय को दबोचकर घटना का खुलासा किया। दरोगा सुरेश प्रताप सिंह ने मुखबिर की सूचना पर जयचन्द सिंह महाविद्यालय सालिगपुर के पास से उसे दबोचा। अनूप पुत्र अजय ने चोरी कबूल की। तलाशी में 90 रुपये व मोबाइल बरामद हुए। बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में दरोगा सुरेश प्रताप सिंह व सिपाही शुभम द्विवेदी शामिल रहे।

# श्रद्धा के केन्द्र कामतानाथ की सफाई में करें सहयोग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत 122वें स्वच्छता अभियान में कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में स्वच्छता अभियान चलाया। नगर पालिका ईओ लालजी यादव ने कहा कि गांधी के सपनों का भारत बनाने को सभी लोग स्वच्छता अभियान में सहयोग करें।

रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति अध्यक्ष राकेश केसरवानी ने कहा कि चित्रकूट को सुन्दर बनाने में स्वच्छता बहुत जरूरी है। सुंदर चित्रकूट बने ये अच्छा विचार है। यही समय है कि सब मिलकर चित्रकूट को स्वच्छ बनायें। कामतानाथ परिक्रमा के लोगों से अपील किया कि पर्वत की ओर कचरा न फेकें। धीरे-धीरे कामतानाथ पर्वत स्वच्छ होने लगा है।



सफाई करते समिति के लोग।

कामतानाथ भगवान का स्थान है। स्थानीय लोग इस पर विचार करें। स्वच्छता में सभी सहयोग करें। खाद एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि भगवान कामतानाथ पर्वत पौराणिक स्थल है। इसकी स्वच्छता पर सभी लोग विशेष ध्यान दें। लाखों लोग भगवान कामतानाथ पर्वत की परिक्रमा करते हैं। लाखों लोगों की श्रद्धा का केंद्र है। स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने कहा कि स्वच्छता के महत्व को समझकर उस पर अमल करें। पर्यावरण को साफ रखने में सहयोग करें। आज के अभियान में राजेंद्र त्रिपाठी, कृष्णा शुक्ला, जितेंद्र केसरवानी, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार, रसूल बख्श आदि शामिल रहे।

## पुलिस ने दबोचे तीन वारंटी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने तीन वारंटी दबोचे हैं। रविवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा श्यामदेव सिंह ने सिपाही शिवपूजन यादव के साथ एनआई एक्ट के वारंटी मिलन सिंह पुत्र राजेन्द्र मौर्य चकरेही चैराहा रामजानकी मंदिर को गिरफ्तार किया है। कोतवाली कर्वी के दरोगा यूटी प्रखर सिंह ने सिपाही नरेन्द्र कुमार के साथ दुर्घटना में मौत मामले के वारंटी सूरजपाल पुत्र नर्बद पथरौड़ी चैकी शिवरामपुर को गिरफ्तार किया। कोतवाली कर्वी के दरोगा रविकान्त राय व दरोगा अरविन्द सिंह ने सिपाही सूरज निर्मल के साथ दुर्घटना में मौत व क्षति मामले के वारंटी चन्द्रमोहन पुत्र भोला प्रसाद इटवा थाना रैपुरा को गिरफ्तार किया।

### दो के कब्जे से 18 लीटर महुआ शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा मेवालाल मौर्य की टीम ने जगदीश निषाद पुत्र स्व चुनकू उर्फ पूरन निषाद लोसरियन नयागांव सतना मप्र के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब व मनोज पुत्र गरीबदास उर्फ मिर्चाईलाल मुसरियाना नयागांव सतना मप्र के कब्जे से आठ लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। दोनों पर कोतवाली कर्वी में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा मेवालाल मौर्य, सिपाही अतुल परिहार, नागेश कुमार, लल्लू प्रसाद व अमर सिंह शामिल रहे।

# मोहर्रम पर्व पर एसओजी ने ड्रोन कैमरे से की निगरानी, पैदल गस्त कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**अखंड भारत संदेशं**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मोहर्रम पर्व पर सुरक्षा के मद्देनजर प्रभारी सर्विलांस/एसओजी एमपी त्रिपाठी की अगुवाई में सर्विलांस टीम ने कर्वी शहर के लक्ष्मणपुरी, एलआईसी तिराहा, काली देवी चैराहा, भगवानदीन, धनुष चैराहा आदि स्थानों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की।

रविवार को मोहर्रम पर्व पर सुरक्षा के लिहाज से पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिला मुख्यालय की मिलीजुली बस्तियों में ड्रोन कैमरे से एसओजी प्रभारी एमपी त्रिपाठी की अगुवाई में निगरानी हुई। निगरानी दौरान शहर के मिलीजुली बस्ती में पुलिस ने खुद भी जाकर



गश्त करती पुलिस बल।

निगरानी की। लोगों से वार्ताकर मोहर्रम पर्व को शान्तिपूर्वक मनाने की अपील की। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शान्ति व सुरक्षा को और बेहतर बनाने को थाना-चैकी प्रभारियों ने मिश्रित आबादी क्षेत्र व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया। पुलिस टीमों ने दुकानदारों, व्यापारी बंधुओं व क्षेत्रीय नागरिकों से वार्ताकर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त दौरान पुलिस टीमों ने सरकारी शराब दुकानों की जांच की। इस दौरान दो व चार पहिया वाहनों की भी जांच हुई।

## महिला समेत तीन को सर्प ने डसा

### किशोरी की इलाज दौरान मौत, दो भर्ती

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बहन के यहां शादी में गई किशोरी को शनिवार रात सर्प ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लाये। इलाज दौरान मौत हो गई। किशोरी की मौत से परिजनों में शोक छा गया। ये घटना भरतकूप थाने के भैसौंधा गांव की है।

रविवार को पतौड़ा के दनैया पुरवा की किरन (15) पुत्री अतुल वर्मा भैसौंधा में बहन रेखा के यहां शादी में आयी थी। वह रात को सो रही थी। इस बीच सर्प ने डस लिया। किशोरी की चीख सुनकर परिजन जिला अस्पताल लाये। इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम को मर्चरी भेजा। मृतका



मर्चरी में बैठे मृतक के परिजन।

दो बहन व चार भाइयों में छोटी थी।दूसरी घटना बहिलपुरवा थाने के सेमरदहा गांव की है। बताया गया कि कालिन्दी देवी पत्नी रमाशंकर को शनिवार की रात सर्प ने डस लिया। परिजन उसे जिला अस्पताल लाये। उसका इलाज जारी है। तीसरी घटना शिवरामपुर चैकी के भंभौर गांव के देवीकिशोर पुत्र रामेश्वर शनिवार को घर में खपरैल की मरम्मत कर रहा था। उसे सर्प ने डस लिया। परिजन उसे जिला अस्पताल लाये। यहां इलाज जारी है।

# प्रशासन पस्त-डग्गामार वाहन चालक मस्त

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में डग्गामार वाहनों पर सूबे के मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी नियंत्रण नहीं हो रहा। डग्गामार वाहन धडल्ले से विभिन्न रूटों में दौड रहे हैं। यहां तक कि राजमार्ग में भी डग्गामार वाहन चल रहे हैं। संबंधित अधिकारी डग्गामार वाहनों से प्रतिमाह निर्धारित वसूली में मस्त हैं।

ये खुलासा रविवार को हुआ। बताया गया कि जिले के राजापुर, पहाडी, मऊ, मानिकपुर समेत अतर्रा, बांदा आदि रूटों पर डग्गामार वाहनों की भरमार है। यहां तक कि राजमार्ग में प्राइवेट बसें धडल्ले से चल रही हैं। ये सब एआरटीओ की मेहरबानी से हो रहा है। डग्गामार वाहनों पर अंकुश लगाने को सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई बार आदेश दे चुके हैं। अधिकारियों पर मुख्यमंत्री के आदेश का कोई असर नहीं दिखता।

डग्गामार वाहन जिले के सभी रूटों पर धडल्ले से चल रहे हैं। ये यात्रियों से मनमानी किराया वसूलने के साथ अभद्रता से पेश आते हैं। इनकी कहीं शिकायत की जाये तो उल्टा यात्रियों के साथ पुलिस व अन्य अधिकारी पेश आते हैं। एआरटीओ की मेहरबानी से झांसी-मिर्जापुर राजमार्ग में तमाम बसें व



सीएम के आदेश बेअसर

जीपें चलती हैं। ये वाहन बस स्टैण्ड से सवारियां भी धडल्ले से भरते हैं। इन्हें कोई रोक-टोक करने वाला नहीं है। प्राइवेट वाहनों के संचालक इस कदर दबंग हैं कि उनसे कोई विरोध का साहस नहीं करता। ये गुंडई पर भी उतारू हो जाते हैं। जब तक पुलिस अधीक्षक का डंडा इन पर नहीं चलेगा, तब तक इनकी मनमानी जारी रहेगी।

# मोहर्रम की सातवीं तारीख को निकला पलंग

## मोहम्मद हुसैन को किया याद

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** कस्बे के शाही इमाम बाड़े से मुस्लिम समाज के लोगों ने मोहर्रम की सातवी तारीख को इमाम हसन के बेटे कासिम के शहीद दिवस को मातमी धुन के साथ पलंग निकालकर हाय हुसैन कहते हुए कस्बे के निर्धारित मार्गों से शाही इमाम बाड़े में पलंग रखकर फातिहा पढकर लंगर किया।

रविवार को मोहर्रम की सातवीं तारीख को मुस्लिम समाज ने इमाम हुसैन के भतीजे व बेटे कासिम के शहीद दिवस बतौर पलंग को जनाजा मानकर दुख से पलंग निकाला। मुस्लिम समाज राजापुर के अध्यक्ष अतहर नईम ने बताया कि आज इमाम हुसैन के भतीजे व बेटे कासिम कर्बला में युद्ध करते शहीद हो गए थे। तभी से मोहर्रम की सातवीं तारीख को इमाम हसन के बेटे कासिम कर्बला में शहीद होने से शहीद दिवस के बतौर मुस्लिम समाज मातम मनाते आ रहे हैं। शाही इमाम बाड़े से पलंग उठाकर मातमी धुन से ढोल-नंगाड़ों के बीच इमाम बाड़े से सब्जी मंडी रोड होते हुए नाजना बेगम, नूरी खान, रेशम खान, गुंजा खान, गुनगुन खान, रोजी खान, मोहम्मद सैफ, शकील खान, इनाया खान के दरवाजे पर लंगर किया। राधा-कृष्ण मंदिर रोड से होते मानस मंदिर रोड से होकर इमाम बाड़े में पलंग साथ हाय हुसैन की याद करते हुए फातिहा पढकर लंगर किया। इसी क्रम में सुरसेन, चांदी, ममसी, सरधुवा, धौरहरा, गड़वारा, कलवलिया, रायपुर आदि गांव में पलंग निकालने की रश्म की गई। मुस्लिम समाज के लोगों ने अपने दरवाजे पर लंगर किया।

इस मौके पर ताजिया दार साबिर अली, रईस अहमद, वसीम कुरेशी, लाली खान, मोहम्मद समीम, इस्लाम नईम, मोहम्मद अली, महबूब, आबिदा अली, साबिद अली, भाई जान कल्लू खान, मोहम्मद मिराजुल आदि मौजूद रहे। सुरक्षा के मद्देनजर दरोगा इमरान खान, अनिल कुमार, सुरेंद्र सिंह, अखिलेश कुमार, सिपाही शुभम मिश्रा, शाकिर अली आदि पुलिस बल जुलूस के साथ मौजूद रहे।

# 15 को धरना देकर शिक्षक बीएसए को देंगे ज्ञापन

## आनलाइन हाजिरी का जारी रहेगा विरोध

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने जिले के सभी शिक्षक संगठनों के व्हाट्सअप ग्रुप मे आनलाइन हाजिरी की व्यवहारिक समस्याओं व आनलाइन हाजिरी से होने वाली समस्याओं के समाधान न होने तक आनलाइन हाजिरी के बहिष्कार बाबत शिक्षक आक्रोश जता रहे हैं।

रविवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने शिक्षकों के आक्रोश को संज्ञान में लेकर जिले की सभी ब्लॉक इकाइयों को निर्देश दिये थे कि अपने-अपने ब्लॉक के सभी शिक्षकों को 12 जुलाई से विद्यालय समय बाद खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यालय में बुलाकर आनलाइन हाजिरी पर चर्चा कर लिखित सहमति/असहमति पत्र पर हस्ताक्षर कराकर प्रस्ताव जिला कार्य समिति को भेजें। ब्लॉक इकाइयों के भेजे प्रस्ताव




बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष।

अनुसार जिले के 3682 शिक्षकों/शिक्षामित्र/अनुदेशकों ने आनलाइन हाजिरी को असहमति पत्र पर हस्ताक्षर कर असहमति दर्ज कराई है। ब्लॉक इकाइयों के भेजे प्रस्ताव पर निर्णय को 13 जुलाई को जिला कार्य समिति की बैठक कृषक इंटर कालेज भौंरी मे हुई। बैठक मे पारित प्रस्ताव में कहा कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शिक्षकों के निर्णय के साथ है। उनकी वाजिब मांगों के समाधान होने तक शिक्षकों के आंदोलन/विरोध मे शिक्षकों के साथ खडा रहेगा। आंदोलन की अगुवाई करेगा। संगठन शिक्षकों की मांगों के समर्थन व आनलाइन व्यवस्था के विरोध मे 15 जुलाई को अपरान्ह ढाई से शाम पांच बजे तक पुरानी कोतवाली परिसर में धरना-प्रदर्शन कर सूबे के मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को सौंपा जायेगा। मांग पत्र का संज्ञान न लेने पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ 23 जुलाई को कलेक्ट्रेट में धरना-प्रदर्शन कर ज्ञापन देगा।

## दुनिया भर के राष्ट्राध्यक्षों ने ट्रम्प पर हमले की निंदा की, कहा- राजनीति में हिंसा अस्वीकार्य




**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प पर पेंसिल्वेनिया के बटलर में चुनावी रैली के दौरान हुए हमले की दुनिया भर के राष्ट्राध्यक्षों ने कड़ी निंदा करते हुए इसे अस्वीकार्य बताया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि अमेरिका में इस तरह की हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक हिंसा की कोई जगह नहीं है। हालाँकि हम अभी तक नहीं जानते कि वास्तव में क्या हुआ था, राहत की बात है कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प को गंभीर चोट नहीं आई। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमले पर चिंता जताते हुए एक्स पर लिखा, "दोस्त डोनाल्ड ट्रंप पर हमले से काफी चिंतित हूं। इस घटना की कड़ी निंदा करता हूं। राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं है। उनके जल्द ठीक होने की कामना करता हूं।" इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि वे इस घटना से स्तब्ध हैं। कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि राजनीतिक हिंसा कभी भी स्वीकार्य नहीं है। मेरी संवेदनाएं पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप, कार्यक्रम में मौजूद लोगों और सभी अमेरिकियों के साथ है। ब्रिटेन के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि किसी भी रूप में राजनीतिक हिंसा का हमारे समाज में कोई स्थान नहीं है। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने ट्रम्प के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि हमें लोकतंत्र को चुनौती देने वाली किसी भी प्रकार की हिंसा के खिलाफ मजबूती से खड़ा होना चाहिए।

## ट्रंप पर हमले के बाद अलबामा में फायरिंग, गोलियों की आवाज से दहला शहर, 7 की मौत



**वॉशिंगटनः** अमेरिका के अलबामा प्रांत के बर्मिंघम शहर में एक नाइट क्लब में गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई. इससे पहले शहर में एक घर के बाहर भी गोलीबारी हुई थी, जिसमें एक बच्चे सहित तीन लोगों की मौत हो गई थी. पुलिस ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि शनिवार रात 11 बजे (स्थानीय समय) 27वीं स्ट्रीट नॉर्थ में एक नाइट क्लब के बाहर कई लोगों को गोली मारे जाने की सूचना मिली. इसके बाद तुरंत बाद कार्रवाई की गई।

पुलिस ने बताया कि नाइट क्लब के अंदर दो महिलाओं और आयोजन स्थल के पास फुटपाथ पर एक व्यक्ति के शव पड़े हुए थे. वहीं, गोलीबारी में घायल हुए एक अन्य व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया. पुलिस ने बताया कि कम से कम नौ लोगों का अभी भी इलाज चल रहा है. फिलहाल पुलिस ने गोलीबारी घटना में शामिल किसी भी संदिग्ध की पहचान नहीं की है और न ही किसी की गिरफ्तारी की गई है।

यह भी स्पष्ट नहीं है कि गोलीबारी किस वजह से हुई. पुलिस अधिकारियों ने कहा कि गोलीबारी के पीछे की वजह का पता लगाने की कोशिश की जा रही है. संघीय एसेंजियों के अधिकारी घटनास्थल पर जांच कर रहे हैं. इस जांच में बर्मिंघम पुलिस अधिकारियों की सहायता कर रहे हैं.

गन वायलेंस आर्काइव के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में अब तक अमेरिका में कम से कम 293 सामूहिक गोलीबारी हुई है।

## पंजीकृत रिपब्लिकन था 20 वर्षीय हमलावर, जिसने पेंसिल्वेनिया रैली में डोनाल्ड ट्रंप पर चलाई गोली:




**वाशिंगटन :** न्यूयॉर्क पोस्ट ने सूत्रों के हवाले से बताया कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या का प्रयास करने वाले शूटर की पहचान 20 वर्षीय थॉमस मैथ्यू कुक के रूप में हुई है. पेंसिल्वेनिया के बेथेल पार्क के एक चुनावी रैली के गोलियां चली जिनमें से एक गोली ट्रंप के कान में लगी. न्यूयॉर्क पोस्ट ने सूत्रों के हवाले से बताया कि थॉमस मैथ्यू कुक बटलर फार्म शो ग्राउंड में मंच से 130 गज की दूरी पर स्थित एक विनिर्माण संयंत्र की छत पर बैठा हुआ था। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के स्नाइपर्स ने उन्हें गोली मारी और बाद में एक एआर-स्टाइल राइफल बरामद की गई. बेथेल पार्क, बटलर में ट्रंप की रैली के स्थान से 40 मील दक्षिण में एक गांव है. संभावित रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पर गोली चलाने के पीछे का मकसद स्पष्ट नहीं हुआ है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# केपी ओली नेपाल के प्रधानमंत्री नियुक्त, सोमवार को लेंगे शपथ




**काठमांडू।** नेपाल में पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' के नेतृत्व वाली सरकार के शुक्रवार को संसद में विश्वास का मत प्राप्त करने में विफल रहने के बाद राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल ने रविवार को नेकपा (एमाले) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली को प्रधानमंत्री नियुक्त किया। चौथी बार प्रधानमंत्री पद पर नियुक्त हुए ओली सोमवार को अपने मंत्रियों के साथ राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। नेकपा (एमाले) और नेपाली कांग्रेस की गठबंधन सरकार के सभी महत्वपूर्ण विभागों के मंत्रियों के नाम तय कर लिये गए हैं। राष्ट्रपति भवन शीतल निवास से जारी बयान में कहा गया है कि सरकार बनाने का दावा पेश करने वाले केपी शर्मा ओली को नेपाल के संविधान की धारा 76(2) के तहत प्रधानमंत्री पद पर नियुक्त किया गया है। इसी बीच राष्ट्रपति भवन में शपथग्रहण की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राष्ट्रपति के प्रमुख सलाहकार डॉ. सुरेश चालिसे ने बताया कि शपथग्रहण के लिए सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे का समय तय किया गया है। शपथग्रहण समारोह में सहभागी होने के लिए सभी सांसदों, राजनीतिक दल के प्रमुखों, सुरक्षा प्रमुखों, प्रधान न्यायाधीश, प्रधान सेनापति, सरकार के सभी सचिवों समेत सभी प्रमुख लोगों को किया गया है। प्रधानमंत्री के साथ ही उनकी मंत्रिपरिषद में सहभागी मंत्रियों के नाम और उनके विभाग भी लगभग तय किए जा चुके हैं। नेपाली कांग्रेस के प्रकाशमान सिंह और नेकपा (एमाले) की तरफ से विष्णु पौडेल को उपप्रधानमंत्री बनाया जाएगा। इसके अलावा रमेश लेखक को गृह मंत्रालय, विष्णु पौडेल को उपप्रधानमंत्री के साथ वित्त मंत्री, आरजू राणा देउवा को विदेश मंत्री, प्रकाशमान सिंह को उपप्रधानमंत्री के साथ ही भौतिक पूवाधार मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

# नेपाल बस दुर्घटना : तीन दिनों में सिर्फ 5 शव बरामद, हादसे के बाद कुल 65 लोग हुए थे लापता




**काठमांडू।** शुक्रवार को तड़के नदी में गिर कर दुर्घटनाग्रस्त हुई दो बसों में सवार 65 यात्रियों में की तलाश में चलाए गए बचाव एवं राहत अभियान के दौरान अबतक सिर्फ 5 शव बरामद हुए हैं। खोजी काम का दायरा 150 किलोमीटर तक करने के बाद भी रविवार सुबह तक खास सफलता नहीं मिली। यहां तक कि हादसे का शिकार हुई दोनों बसों का भी अबतक कोई पता नहीं चला है। शनिवार को मिले तीन शव के बाद रविवार सुबह दो और शव बरामद हुए। चितवन के प्रमुख जिलाधिकारी इन्द्रदेव यादव ने बताया कि आज दोनों शव पूर्वी नवलपरासी जिले के गोलाघाट के पास से बरामद किए गए। हालांकि दोनों शवों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। शनिवार सुबह सबसे पहला शव बरामद किया गया था जिसकी पहचान भारतीय नागरिक के रूप में हुई थी। शनिवार दोपहर को दो और शव बरामद किए गए थे। राहत व खोजी का काम आज तीसरे दिन भी किया जा रहा है। प्रमुख जिलाधिकारी ने बताया कि वाटर ड्रोन, सेनोर कैमरा, गोताखोर सहित नेपाली सेना और सशस्त्र प्रहरी के 100 से अधिक सुरक्षाकर्मी रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे हुए हैं। बस को ढूंढ़ने के लिए आज से बडे-बडे. चुम्बकों का प्रयोग किया जा रहा है। खोजी और राहत का दायरा 150 किमी दूर तक किया गया है।

# चुनावी रैली के दौरान अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प पर गोलियां चलाई गई, शूटर ढेर



**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रम्प पर एक चुनावी रैली के दौरान जानलेवा हमला हुआ है। उन्हें निशाना बनाकर गोली चलाई गई। हालांकि ट्रम्प पूरी तरह सुरक्षित हैं। ट्रम्प पर गोली चलाने वाले हमलावर को सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स ने मार गिराया। घटना भारतीय समय के मुताबिक रविवार सुबह 4 बजे हुई। तब अमेरिका में शनिवार शाम 6:30 बजे का समय था।

पेंसिल्वेनिया के बटलर में रैली के दौरान मंच से बोलते समय ट्रम्प पर निशाना साधकर कई गोलियां चलाई गई। इस दौरान ट्रम्प ने अपने दाहिने कान पर हाथ रखा और नीचे झुक गए। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत ट्रम्प को संभाला। ट्रम्प के चेहरे और कान पर खून नजर आया। शूटर को सुरक्षाकर्मियों ने मार गिराया। सुरक्षाकर्मी ट्रम्प को मंच से उतार कर वहां से ले गए।

घटना के बाद अफरातफरी के बीच ट्रम्प को कड़े सुरक्षा घेरे में जाया गया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में ट्रंप के कान से खून बहता देखा ज सकता है। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक ट्रंप सुरक्षित हैं। इस घटना की चौतरफा निंदा की जा रही है। बाइडन, कमला हैरिस, पूर्व राष्ट्रपति ओबामा ने घटना की निंदा करते हुए साफ कहा कि अमेरिकी समाज में हिंसा की कोई जगह नहीं है।

# नेपाल से प्रतिदिन 800 मेगावाट से अधिक बिजली खरीद रहा भारत




**काठमांडू।** नेपाल और भारत के बीच हुए विद्युत व्यापार समझौते का अधिकतम लाभ नेपाल को मिल रहा है। इस समय नेपाल की तरफ से रिकार्ड 800 मेगावाट बिजली का निर्यात किया जा रहा है जिससे नेपाल को अरबों रुपए की कमाई हो रही है।

नेपाल विद्युत प्राधिकरण की तरफ से इस समय दैनिक रूप से भारत को 800 मेगावाट से अधिक बिजली बेची जा रही है। शनिवार को अब तक का सर्वाधिक 810 मेगावाट बिजली बेचने की जानकारी दी गई है। प्राधिकरण के कार्यकारी निदेशक कुलमान घिसिंग ने इस बिजली व्यापार पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि नेपाल के अर्थतंत्र में विद्युत व्यापार का सबसे अहम योगदान हो रहा है। कार्यकारी निदेशक घिसिंग ने कहा कि पिछले एक हफ्ते में नेपाल से 780 मेगावाट से लेकर 810 मेगावाट तक की बिजली निर्यात की गई है। पिछले तीन दिन से यानी गुरुवार से बिजली निर्यात का आंकडा 800 मेगावाट के पार हो रहा है। कुलमान घिसिंग के मुताबिक इस समय भारत के विद्युत व्यापार निगम से 1000 मेगावाट बिजली निर्यात की अनुमति अभी मिली हुई है और 190 मेगावाट बिजली निर्यात के लिए स्वीकृति मिलने की बात अन्तिम चरण में है।

पिछले वर्ष इसी महीने में अधिकतम 600 मेगावाट बिजली का निर्यात किया गया था। बीच में गर्मी के महीने में बिजली का निर्यात कम हो गया था लेकिन मॉनसून आने के बाद बिजली का उत्पादन बढ़ने के कारण इस समय रिकार्ड मात्रा में बिजली का निर्यात किया जा रहा है। आने वाले दिनों में इसके 1000 मेगावाट तक पहुंचने की पूरी संभावना है।

नेपाल की तरफ से भारत के केन्द्रीय पिरसारण लाईन में करीब 190 मेगावाट बिजली निर्यात किया जा रहा है जिसकी कीमत 5.25 (नेपाली 8.40) रुपए प्रति युनिट रखा गया है। जबकि बाकी बिजली भारत के इनर्जी एक्सचेंज में डे अहेड के प्रतिष्पर्द्धा के आधार पर 6 रुपए ( 9.40 रूपए नेपाली) प्रति युनिट बिक्री की जा रही है। भारत में हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार की तरफ से नेपाल से बिजली की खरीद की जा रही है।

## काठमांडू के होटल से 20 करोड़ की कोकीन के साथ मलेशियाई महिला गिरफ्तार




**काठमांडू।** नेपाल पुलिस की नारकोटिक्स विभाग ने काठमांडू के एक होटल में छापा मार कर 5 किलोग्राम 820 ग्राम कोकीन के साथ एक मलेशियाई महिला को गिरफ्तार किया है। बरामद कोकीन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 20 करोड़ 36 लाख रुपये आंकी गई है।

नारकोटिक्स विभाग के एसएसपी दिनेश आचार्य ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सिटी होटल में छापा मारकर 47 वर्षीय मलेशियाई महिला बाथुमालाई भाडुभाली को 5 किलोग्राम 820 ग्राम कोकीन के साथ गिरफ्तार किया गया है। यह ड्रग्स तंजानिया से मलेशिया होते हुए नेपाल लाया गया जहां इसकी डिलवरी भारत के किसी शख्स को करनी थी। नेपाल की पुलिस गिरफ्तार मलेशियाई महिला से पूछताछ में जुटी है।

## निरंकुश राजशाही के अंत का प्रतीक 'बैस्टिल दिवस', जानें क्यों मनाया जाता है 'ला फेते नेशनले'



**पेरिसः** आज फ्रांस देश का राष्ट्रीय दिवस मना रहा है. इसे बैस्टिल दिवस 'ला फेते नेशनले' के नाम से भी जाना जाता है. इसे 14 जुलाई 1789 को फ्रांसीसी क्रांति के दौरान बैस्टिल पर हमले की याद में मनाया जाता है. यह घटना फ्रांसीसी क्रांति की शुरूआत और फ्रांस में निरंकुश राजशाही के अंत का प्रतीक है.

यह फ्रांस के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है, जिसे पूरे देश में सैन्य परेड, आतिशबाजी, पार्टियों और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा चिह्नित किया जाता है.

**ऐतिहासिक सिंबल**

बैस्टिल पर हमला फ्रांसीसी इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण था, जिसने एक परिवर्तनकारी अवधि की शुरूआत को चिह्नित किया, जिसके कारण राजशाही को उखाड़ फेंका गया और गणतंत्र का जन्म हुआ.

**राष्ट्रीय एकता**

यह एक ऐसा दिन है जो फ्रांसीसी लोगों की एकता और एकजुटता का जश्न मनाता है, साथ ही स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का जश्न मनाता है.

**सांस्कृतिक उत्सव**

बैस्टिल दिवस फ्रांसीसी संस्कृति का भी उत्सव है, जिसमें परेड, आतिशबाजी, पार्टियां और संगीत कार्यक्रम जैसे कार्यक्रम पूरे फ्रांस में आयोजित होते हैं. साथ दुनिया भर के फ्रांसीसी समुदायों भी सांस्कृतिक प्रोग्रामों का आयोजन करते हैं.

**मूल्यों पर चिंतन**

यह लोकतंत्र, मानवाधिकार और नागरिक सहभागिता के मूल्यों पर चिंतन करने का एक अवसर है जो फ्रांसीसी क्रांति के लिए मौलिक थे और आज भी फ्रांसीसी समाज के लिए अहम बने हुए हैं

**वैश्विक मान्यता**

बैस्टिल दिवस न केवल फ्रांस के भीतर मनाया जाता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता प्राप्त है, जो फ्रांस के ऐतिहासिक महत्व और आधुनिक राजनीतिक और सामाजिक विचारधाराओं पर इसके प्रभाव को उजागर करता है.

कुल मिलाकर फ्रांस राष्ट्रीय दिवस/बैस्टिल दिवस ऐतिहासिक महत्व और समकालीन मूल्यों का उत्सव है जो फ्रांसीसी पहचान और विश्व में इसके स्थान के लिए अभिन्न अंग हैं।

## बाइडेन ने ट्रंप की रैली में गोलीबारी की निंदा की, कहा- हम इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते



**वाशिंगटनः** राष्ट्रपति बाइडेन ने शनिवार को पेंसिल्वेनिया में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप की रैली में गोलीबारी की घटना की निंदा की. उन्होंने आभार व्यक्त किया कि ट्रंप बच गए और उन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया. न्यूयॉर्क टाईम्स की रिपोर्ट के अनुसार, बाइडेन ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित एक बयान में कहा कि देखिए, अमेरिका में इस तरह की हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है. यह बीभत्स है. यह उन कारणों में से एक है जिसके लिए हमें इस देश को एकजुट करना है. हम ऐसा होने की अनुमति नहीं दे सकते. हम ऐसे नहीं हो सकते. हम इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते.

बाइडेन ने कहा कि उन्होंने ट्रंप से संपर्क करने की कोशिश की थी, लेकिन वे उनसे बात नहीं कर पाए क्योंकि पूर्व राष्ट्रपति अपने डॉक्टरों के साथ थे. उन्होंने कहा कि वे शाम को फिर से कोशिश करेंगे. राष्ट्रपति ने कहा कि जाहिर है, वे ठीक हैं. मुझे उम्मीद है कि मैं जल्द ही उनसे बात करने की योजना बना रहा हूं. यह पूछे जाने पर कि क्या वे इस घटना को हत्या का प्रयास कहेंगे, उन्होंने कहा कि उनकी अपनी राय है, लेकिन पहले वे और तथ्य सामने आने का इंतजार करेंगे.